आज़ादी का अमृत महोत्सव

तेल उद्योग विकास बोर्ड

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

भारत सरकार

वार्षिक रिपोर्ट
2020-21

तेउविबो
OIDB



तेउविबो OIDB

तेल उद्योग विकास बोर्ड

विषय सूची

बोर्ड के सदस्य	02
बोर्ड के अधिकारी / बैंकर्स / लेखा–परीक्षक	04
लक्ष्य एवं उद्देश्य	05
अध्याय 1	06
संगठनात्मक व्यवस्था और कार्य	
अध्याय 2	11
वित्तीय सहायता : तेल एवं गैस कंपनियों को ऋण	
अध्याय 3	26
वित्तीय सहायता : नियमित अनुदानग्राही संगठनों को अनुदान	
अध्याय 4	55
वित्तीय सहायता : अनुसंधान और विकास तथा अन्य अनुदान	
अध्याय 5	63
तेउविबो का उर्जा सुरक्षा में योगदान	
अध्याय 6	67
अन्य पहल / गतिविधियां	
अध्याय 7	74
तेउविबो के वार्षिक लेखे 2020–21	
अध्याय 8	100
भारत के नियंत्रक एवं महा लेखाकार की लेखा–परीक्षा रिपोर्ट	
अध्याय 9	110
इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड (आईएसपीआरएल) की वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखें	
अध्याय 10	171
परिशिष्ट	

बोर्ड के सदस्य
(रिपोर्ट की अवधि के दौरान)

अध्यक्ष

डा. एम. एम. कुट्टी
सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(30.04.2020 तक)

श्री तरुण कपूर
सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(01.05.2020 से आगे)

सदस्य

श्री पी राघवेन्द्र राव
सचिव,
रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग
(31.05.2020 तक)

श्री राजेश कुमार चतुर्वेदी
सचिव,
रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग
(01.06.2020 से आगे)

श्री राजीव रंजन
अपर सचिव,
व्यय विभाग
(20.11.2020 से आगे)

श्री राजेश अग्रवाल
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

श्री अमर नाथ
अपर सचिव (अंवेषण)
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

श्री एस.सी.एल.दास,
महानिदेशक,
हाईड्रोकार्बन महानिदेशालय

बोर्ड के सदस्य
(रिपोर्ट की अवधि के दौरान)

अध्यक्ष

डा. एम. एम. कुट्टी
सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(30.04.2020 तक)

श्री तरुण कपूर
सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(01.05.2020 से आगे)

सदस्य

श्री पी राघवेन्द्र राव
सचिव,
रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग
(31.05.2020 तक)

श्री राजेश कुमार चतुर्वेदी
सचिव,
रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग
(01.06.2020 से आगे)

श्री राजीव रंजन
अपर सचिव,
व्यय विभाग
(20.11.2020 से आगे)

श्री राजेश अग्रवाल
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

श्री अमर नाथ
अपर सचिव (अंवेषण)
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

श्री एस.सी.एल.दास,
महानिदेशक,
हाईड्रोकार्बन महानिदेशालय

श्री संजीव सिंह
अध्यक्ष
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड
(30.06.2020 तक)

श्री श्रीकान्त माधव वैद्य
अध्यक्ष
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड
(01.07.2020 से आगे)

श्री मनोज जैन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
गेल (इंडिया) लिमिटेड

श्री शशि शंकर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
तेल एवं प्राकृतिक गैस कार्पोरेशन लिमिटेड

श्री डी. राजकुमार,
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
(31.08.2020 तक)

श्री एम. के. सुराणा,
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड

डॉ0 एसएसवी रामकुमार,
निदेशक (अनुसंधान एवं विकास)
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड

श्री प्रवेन्द्र कुमार
महा सचिव,
श्रमिक विकास परिषद,
इंडियन ऑयल बरौनी रिफाईनरी
(19.01.2021 तक)

श्री प्रमोद राम
महा सचिव,
श्रमिक विकास परिषद,
इंडियन ऑयल बरौनी रिफाईनरी
(20.01.2021 से आगे)

सदस्य सचिव

डॉ. निरंजन कुमार सिंह,
सचिव,
तेल उद्योग विकास बोर्ड

बोर्ड के अधिकारी / बैंकर्स / लेखा–परीक्षक

(रिपोर्ट की अवधि के दौरान)

सचिव	डॉ. निरंजन कुमार सिंह
वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी	श्री गौतम सेन
बैंकर्स	i) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ii) पंजाब नेशनल बैंक (पूर्व में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स) iii) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व में कार्पोरेशन बैंक) iv) इंडियन ओवरसीज बैंक
लेखा–परीक्षक	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
बोर्ड का पंजीकृत कार्यालय	तेल उद्योग विकास बोर्ड, 301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, नई दिल्ली– 110 001
सचिवालय	तेल उद्योग विकास बोर्ड, ओआईडीबी भवन, प्लॉट नं0.2, तीसरा तल, सैक्टर–73, नोएडा–201 301, उत्तर प्रदेश
दूरभाष सं0	+91-0120-2594602 +91-0120-2594603
फैक्स	+91-0120-2594630
ई–मेल	facao.oidb@nic.in
वेब साइट	www.oidb.gov.in

बोर्ड के अधिकारी / बैंकर्स / लेखा–परीक्षक

(रिपोर्ट की अवधि के दौरान)

सचिव	डॉ. निरंजन कुमार सिंह
वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी	श्री गौतम सेन
बैंकर्स	i) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ii) पंजाब नेशनल बैंक (पूर्व में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स) iii) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व में कार्पोरेशन बैंक) iv) इंडियन ओवरसीज बैंक
लेखा–परीक्षक	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
बोर्ड का पंजीकृत कार्यालय	तेल उद्योग विकास बोर्ड, 301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, नई दिल्ली– 110 001
सचिवालय	तेल उद्योग विकास बोर्ड, ओआईडीबी भवन, प्लॉट नं0.2, तीसरा तल, सैक्टर–73, नोएडा–201 301, उत्तर प्रदेश
दूरभाष सं0	+91-0120-2594602 +91-0120-2594603
फैक्स	+91-0120-2594630
ई–मेल	facao.oidb@nic.in
वेब साइट	www.oidb.gov.in

लक्ष्य एवं उद्देश्य

- तेल उद्योग विकास निधि का प्रबन्धन।
- तेल उद्योग के विकास के लिए वित्तीय तथा अन्य सहायता देना।
- निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए अनुदान एवं ऋण और इक्विटी निवेश में सहायता देना :–
  - भारत के भीतर अथवा बाहर खनिज तेल की संभावनाओं की खोज एवं अन्वेषण करने;
  - कच्चे तेल के उत्पादन, संचालन, भंडारण और परिवहन की सुविधाओं की स्थापना;
  - पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिशोधन एवं विपणन,
  - पेट्रोरसायन और उर्वरकों के निर्माण और विपणन;
  - वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय तथा आर्थिक अनुसंधानों, जो तेल उद्योग के लिए प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उपयोगी हों;
  - तेल उद्योग के किसी भी क्षेत्र में प्रयोगात्मक या प्रायोगिक अध्ययन;
  - तेल उद्योग में लगे या तेल उद्योग में लगने वाले किसी भी क्षेत्र के अन्य कामों में लगे कर्मियों को भारत में या विदेशों में प्रशिक्षण तथा अन्य विहित उपायों के लिए।

अध्याय-01

संगठनात्मक व्यवस्था और कार्य

1. प्रस्तावना

1.1 कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादो की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वर्ष 1973 की शुरूआत से हो रही निरंतर और तीव्र वृद्धि के पश्चात, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम आधारित औद्योगिक कच्चे माल की आवश्यकता से संबंधित प्रगामी आत्मनिर्भरता की आवश्यकता के बढ़ते महत्व को अनुभव करते हुए तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 को अधिनियमित किया गया था । तेल उद्योग (विकास) विधेयक, 1974 के उद्देश्यों और कारणों के विवरण में निम्नलिखित उद्देश्य शामिल किए गए थे :

- पेट्रोलियम और पेट्रोलियम आधारित कच्चे माल से संबंधित आत्मनिर्भरता को प्राप्त करने के कार्यक्रमों में तीव्रता लाई जाए।
- इस प्रकार के कार्यक्रमों के निष्पादन के लिए आवश्यक संसाधनों को सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
- इन उद्देश्यों के प्रयोजनार्थ तेल उद्योग विकास निधि के सृजन हेतु कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर उपकर वसूल किया जाना चाहिए।
- इस निधि का उपयोग विशिष्ट रूप से तेल उद्योग के विकास संबंधी कार्यक्रमों में संलग्न संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

1.2. इस अधिनियम का उद्देश्य तेल उद्योग के विकास के लिए एक बोर्ड की स्थापना करना और कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर उत्पाद शुल्क लगाने और उनसे संबंधित मामलों से है।

2. संगठनात्मक व्यवस्था और बोर्ड के कार्य

2.1 तेल उद्योग विकास बोर्ड की स्थापना दिनांक 13 जनवरी 1975 को की गई और यह पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य कर रहा है। बोर्ड का अध्यक्ष, केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है और इसमें निम्नलिखित सदस्य हैं :–

(I) अधिकतम तीन सदस्य, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, केन्द्रीय सरकार के पेट्रोलियम एवं रसायन से संबंधित मंत्रालय या मंत्रालयों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किए जायेंगे:

(II) दो सदस्य, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, केन्द्रीय सरकार के वित्त से संबंधित मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किए जायेंगे।

(III) अधिकतम पांच सदस्य, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, उन निगमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किए जायेंगे जो केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण के अधीन ऐसे निगम है जो तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 में निर्दिष्ट क्रियाकलापों में लगे हुए हैं।

(IV) दो सदस्य, जिनमें से एक केन्द्रीय सरकार द्वारा उन व्यक्तियों में से नियुक्त किया जायेगा जिन्हें, सरकार की राय में, तेल उद्योगों की विशेष जानकारी का अनुभव है और दूसरा सरकार द्वारा, तेल उद्योग में नियोजित श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया जाएगा।

(V) बोर्ड का सचिव, पदेन सदस्य होगा।

2.2 तेल उद्योग विकास बोर्ड की स्थापना, ऐसे सभी अध्युपायों के संप्रवर्तन के लिए, जो उसकी राय में तेल उद्योग के विकास में साधक हो, वित्तीय तथा अन्य सहायता प्रदान करने के लिए की गई। तेल उद्योग (विकास) अधिनियम 1974 के अनुसार, बोर्ड निम्न उद्देश्यों के प्रयोजनार्थ सहायता प्रदान कर सकता है :

क) भारत के भीतर अथवा बाहर खनिज तेल की संभावनाओं की खोज एवं अन्वेषण करने;

ख) कच्चे तेल के उत्पादन, संचालन, भंडारण और परिवहन की सुविधाओं की स्थापना;

ग) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिशोधन एवं विपणन;

घ) पेट्रोरसायन और उर्वरकों के निर्माण और विपणन;

ङ) वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय तथा आर्थिक अनुसंधान, जो तेल उद्योग के लिए प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उपयोगी हों;

च) तेल उद्योग के किसी भी क्षेत्र में प्रयोगात्मक या प्रायोगिक अध्ययन;

छ) भारत में या विदेश में तेल उद्योग कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए।

2.3 कोई भी तेल संबंधी औद्योगिक प्रतिष्ठान अथवा अन्य व्यक्ति, जो प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से देश के तेल उद्योग से संबद्ध किसी भी प्रकार की गतिविधि में संलग्न है, वह बोर्ड से वित्तीय अथवा अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त करने का पात्र है ।

2.4 तेल उद्योग विकास अधिनियम के कुशल प्रशासन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों का पालन करने के लिए भी बोर्ड कर्तव्यबद्ध है ।

3. तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत वित्तीय व्यवस्था

3.1 तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 की धारा 15 में स्वदेशी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर उत्पाद शुल्क के रूप में उपकर की वसूली का प्रावधान किया गया हैं। सरकार द्वारा 'भारत में उत्पादित स्वदेशी कच्चे तेल' (तत्संबंधी महाद्वीपीय सीमा सहित) पर निम्न दरों पर उत्पाद शुल्क के रूप में समय–समय पर लागू की गई / संशोधित की गई।

तिथि से प्रभावी	दर, प्रति टन
23 जुलाई, 1974	60 रुपए
13 जुलाई, 1981	100 रुपए
15 फरवरी, 1983	300 रुपए
1 मार्च, 1987	600 रुपए
1 फरवरी, 1989	900 रुपए
1 मार्च, 2002	1800 रुपए
1 मार्च, 2006	2500 रुपए
17 मार्च, 2012	4500 रुपए
1 मार्च, 2016	20% यथा मूल्य

स्रोत : वित्त मंत्रालय

3.2 तेल उद्योग (विकास) अधिनियम की धारा 16 के अनुसार, उत्पाद–शुल्क की एकत्रित की गई आय को प्रथमतः भारत की संचित निधि में जमा किया जाता है। संसद द्वारा इस संदर्भ में किए गए समायोजनों के अनुसार यदि प्रावधान किए जाते हैं, तो केन्द्र सरकार इन प्राप्तियों में से संग्रहण कार्य पर हुए व्यय को घटाने के पश्चात, इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ उचित मानते हुए विशिष्ट रूप से उपयोग किए जाने के लिए उस धनराशि का समय समय पर बोर्ड को भुगतान कर सकती है।

3.3 अधिनियम की धारा 17 के तहत, केन्द्रीय सरकार, अनुदान अथवा ऋण के रूप में बोर्ड को ऐसी धनराशि का भुगतान भी कर सकती है, जिसका संसद द्वारा इस संदर्भ में यथोचित समायोजनों के अनुसार प्रावधान किया गया हो।

4 तेल उद्योग विकास बोर्ड द्वारा प्राप्त निधियां

4.1 तेउविबो द्वारा विभिन्न तेल क्षेत्र की कंपनियों को दिए गए ऋण तथा अतिरेक निधियों का सावधि जमा आय के रूप में अल्पकालीन निवेश करते हुए अपने स्वयं के आंतरिक संसाधनों का सृजन भी किया जाता है। उपकर आय और तेल उद्योग विकास बोर्ड द्वारा आंतरिक संसाधनों से उत्पन्न योगदान से दिनांक 31 मार्च 2021 तक तेल उद्योग विकास कोश में 11,900.09 करोड़ रुपए संचित हो गए हैं ।

4.2 एकत्रित उपकर की संचय राशि 1974–75 में रुपये 30.82 करोड़ रुपये से बढ़कर दिनांक 31 मार्च 2021 तक अनुमानतः 2,35,051.07 करोड़ रुपए हो गई है, जिसमें से तेउविबो को वर्ष 1991–92 तक 902.40 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। उसके पश्चात् उपकर संग्रह में से तेउविबो को कोई राशि आवंटित नहीं की गई। 1974–75 से सरकार द्वारा कच्चे तेल पर एकत्रित उपकर और तेउविबो को दिए गए उपकर का वर्ष वार विवरण नीचे दिए गए ग्राफ में दर्शाया गया है।

आरम्भ से 31–03–2021 तक केन्द्र सरकार द्वारा एकत्रित उपकर एवं तेउविबो को आवंटित की गई धन राशि का विवरण

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	वर्ष	सरकार द्वारा कच्चे तेल पर संग्रह	सरकार द्वारा तेउविबो को किया गया भुगतान
1	1974-75	30.82	16.01
2	1975-76	50.05	62.27
3	1976-77	52.88	48.19
4	1977-78	63.72	50.10
5	1978-79	68.89	20.00
6	1979-80	69.70	140.00
7	1980-81	60.40	25.01
8	1981-82	138.97	142.92
9	1982-83	268.83	100.00
10	1983-84	812.80	-
11	1984-85	850.12	-
12	1985-86	897.66	-
13	1986-87	981.50	-
14	1987-88	1806.60	-
15	1988-89	2013.64	63.09
16	1989-90	2914.57	50.00
17	1990-91	2785.15	89.81
18	1991-92	2500.64	95.00

19	1992-93	2207.61	-
20	1993-94	2175.46	-
21	1994-95	2566.16	-
22	1995-96	2819.52	-
23	1996-97	2558.03	-
24	1997-98	2528.74	-
25	1998-99	2448.18	-
26	1999-00	2589.44	-
27	2000-01	2582.21	-
28	2001-02	2722.79	-
29	2002-03	4873.17	-
30	2003-04	4919.49	-
31	2004-05	5033.97	-
32	2005-06	4857.58	-
33	2006-07	6875.53	-
34	2007-08	6854.00	-
35	2008-09	6680.94	-
36	2009-10	6637.13	-
37	2010-11	7671.44	-
38	2011-12	8065.46	-
39	2012-13	14,473.16	-
40	2013-14	14,542.38	-
41	2014-15	14,677.24	
42	2015-16	14,468.94	
43	2016-17	12,778.20	
44	2017-18	14,246.20	
45	2018-19	18,556.09	
46	2019-20	15,800.92	
47	2020-21	11,474.15	
	कुल	**235,051.07**	**902.40**

टिप्पणी: तेल उद्योग विकास बोर्ड में प्राप्त उपकर से संबंधित आंकड़े ओएनजीसी, ओआईएल और डीजीएच द्वारा उपलब्ध करवाए जाते हैं

तेल उद्योग विकास बोर्ड
तेउविबो OIDB

अध्याय-02

वित्तीय सहायता : तेल एवं गैस कंपनियों को ऋण

1 तेउविबो अपने गठन के वर्ष 1974–75 से ही तेल क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों को ऋण प्रदान कर रहा है। ऋण निधि का मुख्य उपयोग गैस और तेल पाइपलाइन परियोजनाओं, नई रिफाइनरियों के स्थापना, मौजूदा रिफाइनरियों के गुणवत्ता उन्नयन, सिंगल प्वाइंट मूरिंग परियोजनाओं, बाहरी गैस वितरण और गैस क्रेकिंग आदि परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है।

2. तेउविबो द्वारा वित्त वर्ष 2016–17 से 2020–21 तक वितरित ऋण का विवरण नीचे ग्राफ में दर्शाया गया है:–

रुपये/करोड़ में



3. तेउविबो द्वारा वितरित ऋण से पिछले पांच वर्षों में तेल क्षेत्र की वित्तपोषित परियोजनाओं का कंपनी वार विवरण निम्न तालिका में दिया जा रहा है।

रुपये/करोड़ में

क्र. सं.	तेल संस्थानों के नाम	वित्तीय वर्ष					
		2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	5 वर्षों का कुल योग
1	आईओसीएल	0.00	0.00	0.00	150.00	437.00	587.00
2	बीपीसीएल	346.00	0.00	500.00	328.25	0.00	1174.25
3	गेल (इंडिया) लिमिटेड	0.00	0.00	0.00	850.00	150.00	1000.00
4	एचपीसीएल	0.00	0.00	600.00	2300.00	100.00	3000.00
5	बीसीपीएल	243.12	157.58	46.37	0.00	96.69	543.76
6	एमआरपीएल	0.00	0.00	268.00	271.00	55.25	594.25
7	गेल गैस लिमिटेड	87.35	35.57	36.66	0.00	204.43	364.01
8	सीपीसीएल	0.00	0.00	50.00	300.00	200.00	550.00
9	बीको लॉरी लिमिटेड	0.00	0.00	71.77	14.88	0.00	86.65
	कुल	**676.47**	**193.15**	**1572.80**	**4214.13**	**1243.37**	**7899.92**

4. इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), ब्रह्मपुत्र क्रेकर पोलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल), गेल (इंडिया) लिमिटेड, गेल गैस लिमिटेड, मंगलौर रिफाईनरी एंड पेट्रोकैमिकल लिमिटेड (एमआरपीएल) और चैन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड वर्ष 2016–17 से 2020–21 तक की अवधि में तेउविबो से ऋण प्राप्त करने वाले मुख्य लाभार्थी हैं। नीचे ग्राफ में वर्ष 2016–17 से 2020–21 के दौरान वितरित ऋण का संगठनवार विवरण दिया गया है।

प्रतिशत में ऋणों का संवितरण



5. 31 मार्च 2021 तक, सार्वजनिक क्षेत्र के तेल एवं गैस कंपनियों के पास 7621.09 करोड रुपये का बकाया ऋण है। जिसका संगठन वार ब्यौरा निम्नानुसार हैं :

(रुपये करोड़ में)

क्र. स.	तेल एवं गैस संस्थानों के नाम	राशि (रुपए करोड़ में)
1	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2850.00
2	भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड	789.75
3	ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पोलिमर लिमिटेड	893.21
4	गेल (इंडिया) लिमिटेड	1000.00
5	मंगलौर रिफाईनरी एंड पेट्रोकैमिकल लिमिटेड	527.25
6	चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	537.50
7	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	587.00
8	गेल गैस लिमिटेड	337.73
9	बीको लॉरी लिमिटेड	98.65
	कुल	**7621.09**

6. वर्ष 2020–21 के दौरान दिए गए ऋणों का विवरण

(रुपये करोड में)

क्र. सं.	तेल संस्थानों के नाम	राशि
1	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	100.00
2	गेल (इंडिया) लिमिटेड	150.00
3	चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	200.00
4	मंगलौर रिफाईनरी एंड पेट्रोकैमिकल लिमिटेड	55.25
5	इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड	437.00
6	गेल गैस लिमिटेड	204.43
7	ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पॉलिमर लिमिटेड	96.69
	कुल योग	**1243.37**

7.0 वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान तेल उद्योग विकास बोर्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजनांए

7.1 हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एक केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम वाली महारत्न कंपनी है जो पेट्रोलियम ईंधन और विशिष्टताओं की एक विस्तृत विविधता का उत्पादन करने वाली दो प्रमुख रिफाइनरियों का स्वामित्व है और इनका प्रचालन करती है। जिसमें एक मुंबई (पश्चिम तट) में 7.5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) क्षमता सहित और दूसरी विशाखापत्तनम (पूर्व तट) में 8.3 एमएमटीपीए की क्षमता के साथ विद्यमान है। कंपनी के पास मुंबई रिफाइनरी में 428 टीएमटी की क्षमता वाली अंतरराष्ट्रीय मानकों के ल्यूब बेस ऑयल्स का उत्पादन करने वाली देश की सबसे बडी ल्यूब रिफाइनरी का स्वामित्व भी है और इसका प्रचालन भी करती है।

तेल उद्योग विकास बोर्ड ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की विशाख रिफाइनरी के विस्तार परियोजना (वीआरएमपी) और मुंबई रिफाइनरी के विस्तार परियोजना (एमआरईपी) के भाग वित्तपोषण कार्यान्वयन के लिए 2900 करोड रुपये की ऋण सहायता स्वीकृत की है जिसमें से वर्ष 2020–21 के दौरान 100 करोड़ रुपये की राशि ली गई थी। इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन से रिफाइनरियों की क्षमता 15.8 से बढ़कर 24.5 एमएमटीपीए (विशाख रिफाइनरी: 8.3 से 15.0; मुंबई रिफाइनरी: 7.5 से 9.5) हो जाएगी। इस परियोजना के भाग के रूप में, दोनों रिफाइनरियां से बीएस–VI ईंधन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एमएस/एचएसडी उपाय / उन्नयन सुविधाओं को अपग्रेड किया गया है। इसके परिणाम स्वरूप, एमएस और एचएसडी की सल्फर मात्रा में 80 प्रतिशत तक की कमी आई है और यह 50 से 10 तक पीपीएमडब्ल्यू हो गया है। जिससे बाजार में अल्ट्रा–लो सल्फर वाले स्वच्छ ईंधन की आपूर्ति संभव हुई है। इसके अलावा, विशाख रिफाइनरी कम मूल्य वाले फ्यूल ऑयल स्ट्रीम और एक हाइड्रोकार्बन यूनिट को अपग्रेड करने के लिए अवशेष उन्नयन सुविधा (रेसिडू अपग्रेडेशन फैसिलिटी) को लागू कर रही है।

परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना (वीआरएमपी)

विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना (वीआरएमपी) नई अवशेष उन्नयन सुविधा (आरयूएफ), एक नई हाइड्रोक्रेकर यूनिट (एचसीयू) और एक नई आइसोमेरेशन यूनिट और संबद्ध सुविधाओं के साथ 9.0 एमएमटीपीए क्षमता वाली एक नई क्रूड यूनिट लगाने पर विचार कर रही है।

मौजूदा एमएस ट्रीटमेंट/अपग्रेडेशन और एचएसडी ट्रीटमेंट सुविधाओं के नवीकरण को सफलतापूर्वक पूरा कर इसे

विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना सीडीयू का संपूर्ण दृश्य

आरंभ किया गया है। इन यूनिटों ने वर्तमान रिफाइनरी क्षमता से बीएस VI एमएस एवं एचएसडी उत्पादों का उत्पादन शुरू कर दिया है।

विशाख रिफाइनरी में अवशेष उन्नयन सुविधा स्थापित की जा रही है, जो रिफाइनरी को जीरो फ्यूल ऑयल रिफाइनरी बनने में सक्षम करेगा और अधिशेष कम मूल्य वाले उच्च सल्फर ईंधन तेल घटकों को उच्च मूल्य के डिस्टिलेट में अपग्रेड करेगा। एलसी मैक्स रिएक्टर साइट पर पहुंच गए हैं और इस परियोजना का वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही तक यांत्रिक रूप से पूर्ण होने की उम्मीद है।

पूर्ण रूपांतरित हाइड्रोक्रैकर (एफसीएचसीयू), जो वीजीओ को हल्के और मध्य आसवन में परिवर्तित करता है, बीएस–VI गुणवत्ता वाले डीजल और उपचारित गुणवत्ता के अन्य सभी उत्पादों का उत्पादन करने में भी सक्षम है। इस यूनिट का यांत्रिक समापन वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही तक है।

वीआरएमपी विभिन्न पर्यावरणीय सुविधाएं जैसे सौर वाटर स्ट्रिपिंग यूनिट्स (एसडब्ल्यूएसयू), एमाइन रीजनरेशन यूनिट्स (एआरयू), सल्फर रिकवरी यूनिट्स (एसआरयू), फ्यूल गैस एमाइन ट्रीटमेंट यूनिट्स (एफजीएटीयू), इंटीग्रेटेड एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (आईईटीपी) आदि पर काम कर रहा है। यूनिट निर्माणाधीन हैं और यांत्रिक रूप से वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में पूर्ण होने की उम्मीद है।

मुंबई रिफाइनरी विस्तार परियोजना (एमआरईपी)

एमआरईपी परियोजना द्वारा एक मौजूदा क्रूड इकाई की क्षमता 4.0 से 6.0 एमएमटीपीए बढ़ाना है। ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए वैक्यूम डिस्टिलेशन इकाइयों का एकीकरण भी किया जा रहा है। परियोजना के हिस्से के रूप में, बीएस–VI एमएस और एचएसडी के उत्पादन के लिए एमएस ट्रीटमेंट/अपग्रेडेशन और एचएसडी ट्रीटमेंट सुविधाओं का पुनरुद्धार करना है। यूनिटों का सुधार यांत्रिक रूप से पूर्ण कर लिया गया है और पूर्व–कमीशनिंग गतिविधियां प्रगति पर हैं।

बढ़ी हुई हाइड्रोजन आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक नई हाइड्रोजन जनरेशन यूनिट लगाई जा रही है। यूनिट यांत्रिक रूप से पूर्ण हो चुकी है और पूर्व–कमीशनिंग गतिविधियां प्रगति पर हैं। रिफाइनरी क्रूड प्रोसेसिंग क्षमता, इस परियोजना के कार्यान्वयन के बाद 7.5 से 9.5 एमएमटीपीए तक हो जाएगी।

12.6 टीपीडी के मौजूदा मानदंडों के अन्दर SO2 उत्सर्जन को ध्यान में रखते हुए परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

मुंबई रिफाइनरी विस्तार परियोजना

7.2 गेल (इंडिया) लिमिटेड

गेल (इंडिया) लिमिटेड एक "महारत्न" कंपनी है और भारत सरकार के स्वामित्व वाली भारत में सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण और वितरण कंपनी है, जिसका 12400 किलोमीटर लंबा पाइपलाइन नेटवर्क है। कंपनी ने अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम व्यवसायों में विविधता लायी है और पॉवर, द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) पुनः–गैसीकरण, शहर गैस वितरण (सीजीडी) तथा अन्वेषण एवं उत्पादन (ईएंडपी) में अपनी उपस्थिति बढ़ायी है।

गेल ने सामान्यतः देश के आर्थिक विकास में और विशेष रूप से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास द्वारा पॉवर और उर्वरक क्षेत्र मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेल द्वारा बिछायी गई गैस पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्राहकों को वैकल्पिक पर्यावरण अनुकूल ईंधन के रूप में एक विकल्प प्रदान करने के अलावा गैस बाजार के विकास में इसके प्रयासों ने भी गैस भंडार के मुद्रीकरण और गैस के पूर्व की अपेक्षा फ्लेयरिंग में कमी लाने में सहायता की है।

तेल उद्योग विकास बोर्ड ने, कंपनी को बरौनी गुवाहाटी पाइपलाइन सहित जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) परियोजना के वित्तपोषण के लिए 1000 करोड़ रुपये की ऋण सहायता स्वीकृत की है तथा गेल (इंडिया) परियोजना के वित्त पोषण के लिए वर्ष 2019–20 में रुपये 850 करोड़ की ऋण सहायता तथा वर्ष 2020–21 में शेष राशि रुपये 150 करोड़ रुपये प्राप्त कर चुका है। परियोजना का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

प्रधानमंत्री उर्जा गंगा पाइपलाइन परियोजना

जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल), जो "प्रधानमंत्री उर्जा गंगा परियोजना" के रूप में विख्यात है और इसे बरौनी से गुवाहाटी (बीजीपीएल) (सिलिगुड़ी और बोंगाईगांव) तक आगे बढाया जा रहा है, इसे भारत सरकार की नेशनल गैस ग्रिड की संकल्पना के 15,000 किलोमीटर हिस्से के रूप में निष्पादित किया जा रहा है। यह परियोजना पूर्वी भारत अर्थात् उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम राज्य में औद्योगिक /घरेलू/परिवहन क्षेत्रों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी और इन राज्यों तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र को मौजूदा राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी। गेल (इंडिया) लिमिटेड, एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पेट्रोलियम एवं

प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में रू.15,520 करोड़ रुपये के निवेश से 2655 कि.मी. लंबी जेएचबीडीपीएल परियोजना और 729 कि.मी. लंबी बीजीपीएल परियोजना का निष्पादन कर रही है जिसमें भारत सरकार से रु.5176 करोड़ रुपए का पूंजीगत अनुदान शामिल है और यह परियोजना दिसम्बर 2021 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है।

यह पाइपलाइन गोरखपुर, बरौनी और सिंदरी में उर्वरक संयंत्रों को गैस की आपूर्ति करेगी। इस पाइपलाइन नेटवर्क की क्षमता 16 एमएमएससीएमडी है। वास्तविक प्रगति परिकल्पित अनुसूची के अनुरूप है। यह ट्रंक पाइपलाइन निवेश विभिन्न निवेशकों द्वारा निकट भविष्य में सिटी गैस वितरण, एलएनजी टर्मिनल, उर्वरक संयंत्र के पुनरुद्धार आदि में बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से व्यापक निवेश को गति प्रदान कर सकता है। वर्तमान में झारखण्ड के हजारी बाग, बोकारो और धनबाद और पश्चिम बंगाल के पुरूलिया, आसनसोल और दुर्गापुर में सीएनजी और पीएनजी गैस की आपूर्ति आरंभ हो गई है।

पाइपलाइन प्रणाली का निर्माण चरणों में प्रगति पर है। इसमें से फूलपुर (यूपी) से डोभी (बिहार) से बरौनी (बिहार) तक 1109 किलोमीटर का लंबा पाइपलाइन खंड का कार्य पूरा किया गया है। वाराणसी, पटना और गोरखपुर (750 किलोमीटर) स्पर लाइन के साथ तथा डोभी–दुर्गापुर मैट्रिक्स, दुर्गापुर और हल्दि, सिन्दरी (359 किलोमीटर) स्पर लाइन के साथ पूर्ण हो चुका है। माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने दिनांक 07.02.2021 को धोबी–दुर्गापुर का 350 किलोमीटर खण्ड मैट्रिक्स उर्वरक तक स्पर लाइन राष्ट्र को समर्पित किया। शेष खंडों के लिए कार्य प्रगति पर है।

7.3 चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल), जिसे पूर्व में मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड (एमआरएल) के रूप में जाना जाता था, की स्थापना 1965 में 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) की स्थापित क्षमता के साथ की गई थी। वर्तमान में, सीपीसीएल के पास 12.1 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) की संयुक्त शोधन क्षमता वाली दो रिफाइनरियाँ हैं। मनाली रिफाइनरी की क्षमता 11.1 एमएमटीपीए है और यह भारत में ईंधन, ल्यूब, वैक्स और पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक उत्पादन सुविधाओं वाली सबसे मिश्रित रिफाइनरी में से एक है। कंपनी ने हाल ही में रुपये 3110 करोड़ के पूंजी परिव्यय से आरईएसआईडी के अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जो कि भारी अपरिष्कृत को संसाधित करने की क्षमता बढ़ाने के अलावा तलछट से उच्च मूल्य के मध्य आसवनों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए

डिजाइन किया गया है। सीपीसीएल की दूसरी रिफाइनरी कावेरी बेसिन (सीबीआर) में नागपट्टीनम में स्थित है। इस यूनिट को 1993 में 0.5 एमएमटीपीए की क्षमता के साथ स्थापित किया गया था जिसे बाद में बढ़ाकर 1.0 एमएमटीपीए, कर दिया गया।

ओआईडीबी ने बीएस VI ऑटो ईंधन परियोजना के लिए चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) को 450 करोड़ रुपये की ऋण सहायता स्वीकृत की है। जिसमें से ओआईडीबी ने सीपीसीएल को उक्त परियोजनाओं के लिए वर्ष 2019–20 के दौरान 250 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2020–21 के दौरान, 200 करोड़ रुपये की ऋण सहायता प्रदान की। परियोजना का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:–

बीएस VI ऑटो ईंधन परियोजना

7.3.1 ईंधन गुणवत्ता उन्नयन के रुप में, चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) ने निम्नलिखित इकाईयों को चालू किया।

क. **गैसोलीन डिसल्फराइजेशन (जीडीएस) यूनिट 0.6 एमएमटीपीए**:– 13 जनवरी, 2021 को इस इकाई को सफलतापूर्वक चालू किया गया। गैसोलीन डिसल्फराइजेशन यूनिट को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 17 फरवरी, 2021 को राष्ट्र को समर्पित किया।

ख. **डिमाउंटेबल फ्लेयर** :– यूनिट को यांत्रिक रूप से 10 मार्च, 2021 को पूरा कर लिया गया। 26 मार्च, 2021 को पॉयलट बर्नर से इसे सफलतापूर्वक प्रज्जवलित किया गया।

ग. **नवीन सल्फर रिकवरी ब्लॉक** :– पाइप बिछाने और उपकरण निर्माण और उसमें संबंधित ईकाइयों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इकाई का वर्ष 2021–22 की द्वितीय तिमाही में यांत्रिक रुप से पूरा होने की उम्मीद है। ईंधन गुणवत्ता उन्नयन परियोजना की अनुमति लागत 1858 करोड़ रुपये है। 31 मार्च, 2021 तक परियोजना 97.2 प्रतिशत (भौतिक प्रगति) तक पूरी हो गई है।

घ. **पुनः गैसीकृत तरल प्राकृतिक गैस परियोजना (आरएलएनजी)**

सोईपीआई सूचकांक को कम करने की दिशा में, सीपीसीएल आंतरिक ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्राकृतिक गैस/पुनः गैसीकृत तरल प्राकृतिक गैस (आरएलएनजी) पर मुड़ रहा है। इस परियोजना के हिस्से के रुप में रिफाइनरी–III के एक एचजीयू संयंत्र की फर्नेस में आरएलएनजी रूपांतरण 19 मार्च, 2019 को लागू किया गया था। 6 बॉयलरों में से 4 तथा 5 गैस टर्बाइनों में से 4 इस वर्ष के दौरान पूरे किए जा चुके हैं। लंबित एचजीयू संयंत्र का संशोधन वित्त वर्ष 2020–21 की अंतिम तिमाही के दौरान आगामी एम एंड आई शटडाउन के दौरान निर्धारित है। मैसर्स टैकनिप इस इकाई का प्रोसेस लाइसेंसकर्ता है और इस परियोजना की कुल लागत 421 करोड़ रुपये है।

वित्त वर्ष 2020–21 में, निम्नलिखित इकाईयों को ईंधन के रूप में आरएलएनजी के उपयोग के लिए परिवर्तित किया गया था।

- जीटी–01 – 10 जुलाई 20 को चालू किया गया
- बॉयलर–03 – 19 अगस्त 20 को चालू किया गया
- जीटी–05 – 17 दिसम्बर 20 को चालू किया गया

बॉयलर–04 और 05 और एचजीयू–205 के लिए शेष परिवर्तन सुविधाएं 2021–22 की दूसरी तिमाही तक चरणबद्ध तरीके से पूरी होने की संभावना है। 31 मार्च, 2021 तक परियोजना की वास्तविक प्रगति 87.6 प्रतिशत है।

रिसीविंग स्टोन

7.4 मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल लिमिटेड

मैंग्लोर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) श्रेणी 'ए' की एक मिनीरत्न कंपनी है। एमआरपीएल को 1987 में एचपीसीएल और आदित्य बिड़ला समूह के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित किया गया था।

3.69 एमएमटीपीए का पहला चरण 1996 में शुरू किया गया था। 1999 में, एमआरपीएल ने दूसरा चरण शुरू किया और शोधन क्षमता को 9.69 एमएमटीपीए तक बढ़ा दिया। रिफाइनरी का पिछली बार विस्तार वर्ष 2015 में किया गया जब अंतिम यूनिटों में से एक (पॉलीप्रॉपीलीन) यूनिट को चालू किया गया। इस समय मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल लिमिटेड की संस्थापित क्षमता 15 एमएमटीपीए हैं। वर्ष 2003 में, ओएनजीसी ने आदित्य बिड़ला ग्रुप के शेयरों का अधिग्रहण कर लिया तथा तत्पश्चात इसकी शेयरहोल्डिंग 71.63 प्रतिशत तक बढ़ गई। एचपीसीएल 16.95 प्रतिशत का शेयरधारक है तथा शेष सार्वजनिक शेयरहोल्डिंग (संस्थानों तथा गैर संस्थानों) की है। कंपनी को वर्ष 2005 में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में शामिल किया गया था। तथा जुलाई 2013 में श्रेणी 'ए' की कंपनी के रूप में अपग्रेड किया गया।

एमआरपीएल देश की कुल शोधन क्षमता में 6 प्रतिशत का योगदान करती है। 10 के समीप नेल्सन जटिलता कारक के साथ रिफाइनरी विन्यास काफी जटिल है। रिफाइनरी की क्षमता ऐसी है कि वह 20 एपीआई से 45 एपीआई तक के व्यापक श्रेणी के कच्चे तेल का बेहतर ढंग से प्रसंस्करण कर सकती है। एमआरपीएल ने दुनिया भर से 80 से अधिक विभिन्न प्रकार के क्रूडों को संसाधित किया है। क्रूड, खाड़ी, एशिया, दक्षिण अमेरिका, यूएसए और रूस से हासिल किए जाते रहे हैं। रिफाइनरी का बुनियादी ढांचा बेहद मजबूत है। समर्पित कच्चे जल की ग्रहण सुविधा, तटवर्ती टर्मिनल में कैप्टिव जेट्टी, सिंगल पाइंट मूरिंग सुविधा तथा पेट्ट कोक खाली करने के लिए रेलवे साइडिंग के सहारे भरोसेमंद तरीके से संचालन में मददगार है।

एमआरपीएल, पर्याप्त मात्रा में एलपीजी, मोटर स्पिरिट, विमानन टर्बाइन ईंधन और हाई स्पीड डीजल का उत्पादन करता है। रिफाइनरी ने अक्तूबर 2019 से बीएस–VI ग्रेड वाले ईंधन का उत्पादन करना शुरु किया। रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स में, अत्यधिक उग्र द्रवीकृत उत्प्रेरकी क्रैकिंग यूनिट है जिसमें अधिक मूल्यवान पॉलिमर ग्रेड के प्रॉपीलीन का उत्पादन किया जाता है। एमआरपीएल ने दक्षिण भारत में पॉलीप्रॉपीलीन का उत्पादन करने वाली पहली यूनिट को सस्थापित किया है। नीचे दी गई तालिका में एमआरपीएल का उत्पादन स्लेट दर्शाया गया है:

❖ एलपीजी	❖ ईंधन तेल
❖ नैफ्था	❖ बिटूमेन
❖ एमएस (बीएस–VI)	❖ वीजी 10, वीजी 30, वीजी 40
❖ ज़ाइलॉल	❖ गंधक (99.9 प्रतिशत शुद्धता)
❖ एटीएफ / एसकेओ	❖ पेट्ट–कोक
❖ एचएसडी (बीएस–VI)	❖ पॉलीप्रॉपलीन

वर्ष 2020–21 में प्रचालन से कंपनी को राजस्व रुपये 32,182 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ और निवल मूल्यवत्ता रुपये 7528 करोड़ रही है।

बीएस–VI परियोजना

बीएस–VI परियोजना में नई एफसीसी गैसोलीन उपचार यूनिट (एफजीटीयू), गंधक रिकवरी यूनिट और अन्य जैसे नाइट्रोजन उपयोगिताएं और ऑफसाइट आदि की अतिरिक्त सुविधाएं हैं। एफसीसी गैसोलीन यूनिट को यांत्रिक रुप से पूरा करके चालू कर लिया। अन्य सुविधाएं समापन के अंतिम चरण में हैं।

एमआरपीएल के मामले में बीएस–VI में रूपांतरण के लिए कुल अनुमानित लागत रु.1,810 करोड़ रुपये है। कुल परियोजना लागत में से 25 प्रतिशत (रुपये 452 करोड़) की पूर्ति, तेल उद्योग विकास बोर्ड की ऋण सहायता के द्वारा किया जायेगा। तेल उद्योग विकास बोर्ड वित्त वर्ष 2018–19 के लिए पहले ही 268 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2019–20 के लिए 184 करोड़ रुपये प्रदान कर चुका है।

समुद्री जल विलवणन संयंत्र

नदी के जल को, जल के एकमात्र साधन के रूप में नदी जल के जोखिम को समाप्त करने के लिए जल के वैकल्पिक स्रोत के रूप में समुद्री जल विलवणन संयंत्र स्थापित किया गया है। इस संयंत्र की वर्तमान क्षमता 30 एमएलडी है जो कंपनी के तत्काल एवं भावी जल की आवश्यकताएं पूरी कर पाएगी। जिसे 70 एमएलडी तक विस्तारित किया जा सकता है। जो कंपनी तात्कालिक तथा आगामी जल की आवश्यकता को पूरा करेगा। संयंत्र का यांत्रिक निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। परियोजना के लिए तेल उद्योग विकास बोर्ड से रुपये 142.25 करोड़ की सहायता ली गई।

एमआरपीएल की एसडब्ल्यूडीपी परियोजना

तेल उद्योग विकास बोर्ड ने इस परियोजना के लिए 142.25 करोड़ रुपये स्वीकृत किया है जिसमें से 87 करोड़ रुपये वित्त वर्ष 2019–20 में तथा शेष 55.25 करोड़ रुपये वित्त वर्ष 2020–21 में प्रदान किया जा चुका है।

7. 5 इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल), भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक उद्यमों में से सार्वजनिक क्षेत्र, की एक महारत्न कंपनी है, और देश के प्रमुख एकीकृत और विविध ऊर्जा स्रोतों के लगभग सभी क्षेत्रों तेल, गैस, पेट्रो–रसायन, वैकल्पिक ऊर्जा में कार्यरत है।

फॉर्च्यून की ग्लोबल 500 की सूची में इंडियन ऑयल को दुनिया के सबसे बड़े कॉरपोरेट्स के बीच सूचीबद्ध किया गया है, वर्ष 2021 के लिए प्रकाशित फॉर्च्यून की ग्लोबल 500 की सूची के अनुसार, इंडियन ऑयल, विश्व की 212वीं सबसे बडी सार्वजनिक निगम है। इंडियन ऑयल को ब्रांड फाइनेंस, यूके द्वारा 2019 में भारत के शीर्ष 10 सबसे मजबूत ब्रांडों में भी स्थान दिया गया है।

इंडियन ऑयल के पास भारत के पेट्रोलियम उत्पादों की खपत के बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। भारत की 23 रिफाइनरियों में से 11 के संचालन द्वारा 81.20 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष की संयुक्त शोधन क्षमता के साथ इंडियन ऑयल की घरेलू रिफाइनिंग क्षमता में लगभग 32 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इंडियन ऑयल की देशभर में पाइपलाइन नेटवर्क क्रूड और उत्पादों की पाइपलाइन क्षमता 15000 किलो मीटर से अधिक (लंबाई के हिसाब से) है जो देश की कुल पाइपलाइन का लगभग ~ 51 प्रतिशत है। देश भर में 55,000 से अधिक मार्केटिंग और वितरण स्पर्श–बिंदुओं के अपने नेटवर्क के साथ, इंडियन ऑयल का देश में पीओएल उत्पादों की लगभग ~ 42 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है

ओआईडीबी ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को आईओसीएल की बोंगाईगाँव (बीजीआर) में इंडमैक्स परियोजना को वित्त पोषित करने के लिए 587 करोड़ रुपये की ऋण सहायता स्वीकृत की है। ओआईडीबी ने परियोजना को वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी को 587 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि में से 150 करोड़ रुपये तथा वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान 437 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

इंडमेक्स (इण्डेन अधिकतम) इंडियन ऑयल की फ्लैगशिप तकनीक है, जिसे दुनिया भर में मैसर्स लूमस द्वारा लाइसेंस दिया गया है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य है–

1 काले तेल का उन्नयन करके रिफाइनरी की डिस्टिलेट यील्ड में सुधार करना।
2 काले तेल का उत्पादन शून्य होगा और आरपीसी उत्पादन में 70 टीएमटीपीए की कम हो जाएगी।
3 एलपीजी और एमएस उत्पादन में क्रमशः 200 और 320 टीएमटीपीए की वृद्धि करना। एमएस उत्पादन का बीएस VI विनिर्देशन को पूरा करना है।

परियोजना में दो लाइसेंस प्राप्त इकाइयां हैं:

1. इंडमैक्स एफसीसी इकाई:– कम मूल्य के घटकों को संसाधित कर, गैसोलीन और एलपीजी जैसे उच्च मूल्य वर्धित उत्पादों का उत्पादन करने के लिए,
2. आईजीएचडीएस इकाई :– इंडमैक्स गैसोलीन से सल्फर निकालने के लिए:

परियोजना के तहत भंडारण और उपयोगिताओं सहित संबद्ध ऑफसाइट सुविधाओं की भी परिकल्पना की गई है।

रिफाइनरी की लाभप्रदता के अतिरिक्त बोंगाईगांव में इंडमेक्स परियोजना हाइड्रोकार्बन विजन 2030 की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर भारत के लिए आरंभ किया गया है, इसका उद्देश्य 2030 तक तेल और गैस उत्पादन को दोगुना करना है, ताकि देश की ऊर्जा अर्थव्यवस्था में हाइड्रोकार्बन हब के रूप में पूर्वोत्तर भारत को सबसे आगे स्थापित किया जा सके।

दोनों इकाइयों को 31.03.2021 तक चालू कर दिया गया है।

1. इंडमैक्स एफसीसी इकाई को 7 नवंबर 2020 को चालू किया गया था।
2. आईजीएचडीएस इकाई को 5 दिसंबर 2020 को चालू किया गया था।
3. ऑफसाइट उपयोगिताओं को चरणबद्ध रूप से चालू किया जा रहा है।
4. परियोजना की कुल प्रगति 99.72 प्रतिशत है।
5. परियोजना की कुल लागत 2582 करोड़ रुपये की तुलना में अब तक 2165.72 करोड़ रुपये का व्यय हो चुका है।

आईओसीएल की इंडमैक्स परियोजना

7.6 गेल गैस लिमिटेड

गेल गैस लिमिटेड, एक अग्रणी सिटी गैस वितरण कंपनी है, जो देश भर के विभिन्न शहरों में केंद्रित तरीके से सिटी गैस वितरण व्यवसाय में तेजी लाने के लिए प्रयासरत है। गेल गैस लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी है और इसे मई 2008 में शहरी गैस वितरण परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए गठित किया गया था। गेल गैस लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत एक लिमिटेड कंपनी है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) गेल गैस को देवास, रायसेन–शाजापुर–सीहोर जिले (मध्यप्रदेश), सोनीपत (हरियाणा), मेरठ, ताज ट्रेपेजियम जोन, मिर्जापुर–चंदौली–सोनभद्र (उत्तर प्रदेश), बेंगलुरु शहरी और ग्रामीण जिले और दक्षिण कन्नड़ (कर्नाटक), देहरादून जिला (उत्तराखंड), पुरी–गंजम–नयागढ़ जिला और सुंदरगढ़–झारसुगुड़ा जिला (ओडिशा), गिरिडीह–धनबाद जिला, सरायकेला–खरसावां जिला और पश्चिमी सिंहभूम जिला (झारखंड) में सीजीडी परियोजनाओं को लागू करने के लिए प्राधिकृत किया है।

इसके अलावा, गेल गैस अपने संयुक्त उद्यमों के माध्यम से आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, बड़ोदरा (गुजरात), हरिद्वार (उत्तराखंड), उत्तरी गोवा और असम में सिटी गैस कारोबार कर रही है। यह विभिन्न राज्यों में प्राकृतिक गैस के वितरण के लिए पाइपलाइन कॉरिडोर के साथ विभिन्न औद्योगिक समूहों की पहचान भी कर रहा है।

गेल गैस लिमिटेड को कर्नाटक के बैंगलुरु ग्रामीण और शहरी जिलों के अधिकृत क्षेत्र में 18.02.2015 से 25 वर्षों के लिए सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, संचालन या विस्तार के लिए पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत किया गया है। सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, संचालन या विस्तार के लिए अधिकृत क्षेत्र 4395 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करेगा।

ओआईडीबी ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान मैसर्स गेल गैस लिमिटेड को उनकी सिटी गैस वितरण परियोजना के लिए 204.43 करोड़ रुपये की ऋण सहायता वितरित की है।

विशिष्टता के पहले पांच वर्षों के दौरान नियमों के अनुसार पूरा किया जाने वाला न्यूनतम कार्य कार्यक्रम नीचे दिया गया है:

इंच किमी में बिछाई जाने वाली पाइपलाइन	घरेलू पीएनजी कनेक्शनों की संख्या
1582.20	131156

गेल गैस लिमिटेड ने नियत तारीख के अंदर अपने 5 साल के एमडब्ल्यूपी इंच किमी के साथ घरेलू पीएनजी कनेक्शन हासिल कर लिए हैं। वर्षवार उपलब्धि इस प्रकार है।

लक्ष्य (पीएनजीआरबी के एमडब्ल्यूपी के अनुसार)	वर्ष 1 (15-16)	वर्ष 2 (16-17)	वर्ष 3 (17-18)	वर्ष 4 (18-19)	वर्ष 5 (19-20)	31.8.21 की स्थिति के अनुसार वास्तविक उपलब्धि
इंच किमी में बिछाई जाने वाली पाइपलाइन (संचयी)	316	791	1266	1424	1583	
वास्तविक उपलब्धि (इंच किमी) संचयी	347	1358	2568.12	3377.8	3816.06	**4641.754**
पीएनजी घरेलू कनेक्शन (संचयी)	0	19,673	65,578	91,809	1,31,156	
वास्तविक उपलब्धि (घरेलू पीएनजी कनेक्शन) संचयी	1004	20595	50548	97,299	150702	**2,15,299**
जीजीएल बैंगलुरु द्वारा नियत तारीख के अंदर पांच साल का एमडब्ल्यू पहले ही हासिल कर लिया गया है।						

वित्तीय वर्ष 20–21 के दौरान प्रगति और 31.03.2021 तक संचयी उपलब्धि निम्नानुसार है–

विवरण	यूओएम	31.03.2020 तक	31.03.2021 तक	वित्तीय वर्ष 2020-21
पी/एल नेटवर्क (एमडीपीई+स्टील)	इंच किमी	3816.06	4381.50	565.44
सीएनजी स्टेशन	नग	19	33	14
औद्योगिक कनेक्शन (जुड़े हुए)	नग	99	129	30
वाणिज्यिक कनेक्शन (जुड़े हुए)	नग	168	241	73
घरेलू कनेक्शन (जुड़े हुए)	नग	150701	195083	44382

7.7 ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड

असम गैस क्रैकर परियोजना (एजीसीपी), ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) की ऐतिहासिक असम समझौते का एक महत्वपूर्ण अंग है जिसे लेपेटकटा, जिला डिब्रूगढ़ में स्थापित किया गया। इस परियोजना में एक क्रैकर इकाई, डाउनस्ट्रीम पॉलिमर इकाई, एकीकृत ऑफसाइट और उपयोगिता संयंत्र सम्मिलित हैं। परिसर में प्राकृतिक गैस और नेफ्था फीड स्टॉक के साथ 220,000 टन प्रति वर्ष (टीपीए) पॉलीएथिलीन तथा 60,000 टन प्रति वर्ष (टीपीए) की पॉलीप्रापलीन की अन्य उत्पादों के साथ क्षमता है। पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली पेट्रोरसायन परिसर परियोजना है, जिसमें भारत सरकार की पूंजीगत सहायता, गेल, ओआईएल, एन.आर.एल. और असम सरकार की इक्विटी तथा ओआईडीबी और एसबीआई की ऋण सहायता शामिल है।

ओआईडीबी ने वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान असम गैस परियोजना के लिए ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) को 96.69 करोड रुपये की ऋण सहायता स्वीकृत की है। ओआईडीबी ने परियोजना के आंशिक वित्तपोषण के लिए वित्त वर्ष 2020–21 के लिए कुल स्वीकृत राशि 96.69 करोड रुपये का वितरण किया है। परियोजना का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

संयंत्र को 02.01.2016 से चालू किया गया था और उसे भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 05.02.2016 को लेपेटकाटा में एक भव्य समारोह में राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इस परियोजना को 9,965 करोड़ रुपये की लागत से लागू किया गया।

संयंत्र, 3 वर्षों से ज्यादा समय से 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर काम कर रहा है। बीसीपीएल ने नेफ्था, ब्यूटेन–1 और प्रोपलीन की खरीद के लिए विभिन्न वैकल्पिक उपायों के माध्यम से क्षमता उपयोग को प्रभावित करने वाले फीडस्टॉक आपूर्ति से संबंधित चुनौतियों को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किया है और संयंत्र के स्थिर और निरंतर संचालन को सुनिश्चित करने में सफल रहा है।

स्थिरीकरण अवधि के दौरान शुरूआती घाटे के बाद, बीसीपीएल वित्त वर्ष 2018–19 से मुनाफा कमा रही है। वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, बीसीपीएल ने रुपये 2902.63 करोड़ रुपये के संचालन राजस्व से 739.90 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 31.03.2021 को बीसीपीएल की कुल परिसम्पत्तियां रुपये 2811.26 करोड़ है, जबकि प्रदत्त इक्विटी रुपये 1417.67 करोड़ रुपये है।

यह परियोजना उत्तर पूर्व भारत में सबसे बड़ा पेट्रोरसायन परिसर है और बीसीपीएल के कारण एनईआर में पॉलिमर की खपत में काफी वृद्धि हुई है। बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ भौगोलिक निकटता के कारण संयंत्र का संभावित रूप से एक प्रमुख स्थान है और पिछले कुछ वर्षों से बांग्लादेश को पॉलिमर निर्यात कर रहा है। संयंत्र में 628 स्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 2600 जनशक्ति अनुबंध के तहत पेट्रोरसायन परिसर के अंदर काम कर रहे हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र में विक्रेताओं, ट्रांसपोर्टरों, आपूर्तिकर्ताओं आदि के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न किए हैं। कुल मिलाकर, इस परिष्कृत संयंत्र के आसपास एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र है। इसके अलावा, डाउनस्ट्रीम प्लास्टिक प्रसंस्करण इकाईयों में एनईआर में महत्वपूर्ण अतिरिक्त आय सृजन करेगी। बीसीपीएल ने न केवल रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं बल्कि स्थानीय लोगों के कौशल विकास में भी योगदान दिया है जो संयंत्र के अंदर काम कर रहे हैं।

31.03.2021 तक, ओआईडीबी ने 1853.76 करोड़ रुपये का ऋण जारी किया है और यह परियोजना का एक प्रमुख हितधारक है।

अध्याय-03

वित्तीय सहायता: नियमित अनुदानग्राही संगठनों को अनुदान

1. अपने उद्देश्य के अनुसरण में तेल उद्योग विकास बोर्ड अनुदान के रूप में तेल क्षेत्र को सहायता प्रदान करता है। इन अनुदानों में पांच नियमित अनुदानग्राही संस्थानों जैसे कि – हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच), पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) और पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी), तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी), उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी), को अनुदान शामिल है।

2. नियमित अनुदानग्राही संस्थानों को अनुदान के अलावा तेउविबो तेल और गैस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए भी अनुदान देता है। साथ ही तेउविबो ने विश्व स्तरीय शिक्षा, प्रशिक्षण और पेट्रोलियम और ऊर्जा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने हेतु राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) की शिवसागर, असम और जायस, रायबरेली में चल रही परियोजनाओं भारतीय खनि विद्यापीठ (आईएसएम) धनबाद में फोम असिस्टेड ऑयल वाटर नैनो–इमल्शन फॉर एन्हांस ऑयल रिकवरी प्रायोगिक और आण्विक गतिशीलता अध्ययन – तथा इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड को अनुसंधान एवं विकास परियोजना " पानीपत में रिफाइनरी में रिफाइनरी ऑफ गैसों का उपयोग कर इथेनॉल उत्पादन संयंत्र के लिए अनुदान दिया है।

3. अपनी स्थापना के वर्ष 1975–76 से 31.3.2021 तक तेल उद्योग विकास बोर्ड ने कुल 4610.77 करोड़ रूपए का समेकित अनुदान दिया। वर्ष 2020–21 के दौरान कुल 407.38 करोड़ रूपए का अनुदान जारी किया गया। जिसमें से 297.01 करोड रुपए नियमित अनुदानग्राही संस्थाओं को वितरित किया गया।

4. नियमित अनुदान ग्राही संस्थानों को पिछले पांच वर्षों में वितरित किए गए अनुदान का विवरण निम्नानुसार हैं :

(रुपये करोड में)

संस्थान	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	योग
डीजीएच	121.53	189.50	238.99	192.91	176.84	919.77
पीसीआरए	41.25	43.88	60.95	67.30	60.00	273.38
पीपीएसी	20.82	21.34	23.96	22.61	22.04	110.77
ओआईएसडी	16.06	16.39	25.98	21.65	22.88	102.96
सीएचटी	19.82	32.12	20.58	18.08	15.25	105.85
कुल	**219.48**	**303.23**	**370.46**	**322.55**	**297.01**	**1512.73**

5.1. हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच)

हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) की स्थापना 1993 में सरकारी संकल्प के द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन की गई थी। डीजीएच की स्थापना का उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा और पेट्रोलियम कार्यकलापों के तकनीकी और आर्थिक पहलुओं के बीच संतुलन कायम रखते हुए तेल और प्राकृतिक गैस संसाधनों के सुदृढ़ प्रबंधन को बढावा देना है। डीजीएच को प्रमुख क्षेत्रों के आगार निष्पादन की समीक्षा करने सहित खोजे गए क्षेत्रों व अन्वेषण ब्लॉकों के लिए उत्पादन भागीदारी संविदाओं, अन्वेषण एवं उत्पादन संबंधी गतिविधियों में निवेश को प्रोत्साहन देने, अन्वेषण एवं उत्पादन कार्यकलापों की निगरानी से संबंधित कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। इसके अलावा, डीजीएच भावी खोज और अन्वेषण के लिए नए/गैर–अन्वेषित क्षेत्र खोजने संबंधी तथा गैर–पारंपरिक हाइड्रोकार्बन ऊर्जा स्रोतों का विकास करने संबंधी कार्य कर रहा है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, तेउविबो ने डीजीएच को 176.84 करोड़ रुपए का अनुदान दिया। वर्ष 2020–21 के दौरान डीजीएच द्वारा निष्पादित किए गए प्रमुख कार्यकलाप निम्नलिखित है :–

5.1.1 हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति / ओपन एकरेज लाइसेंस कार्यक्रम (ओएएलपी) (मार्च 2016)

सरकार ने हाइड्रोकार्बन अन्वेषण एवं लाइसेंस नीति (हेल्प) को 30 मार्च, 2016 को अधिसूचित किया तथा इसे औपचारिक रूप से 1 जुलाई, 2017 से ओपन एकरेज लाइसेंस नीति (ओएएलपी) और राष्ट्रीय डाटा रिपॉजिटरी (एनडीआर) की अधिसूचना के नाम से लागू किया।

हेल्प, उत्पादन भागीदारी संविदाओं (पीएससी) से राजस्व हिस्सेदारी संविदा (आरएससी) व्यवस्था में एक आदर्श बदलाव है, जो कि भविष्य के अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) के लिए नियामक व्यवस्था का पूरी तरह से काया पलट करता है, तथा नियामक बोझ को कम करके 'व्यापार करने में आसानी' के सिद्धांत को लागू करता है पारंपरिक तथा साथ ही साथ गैर पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोजों और उत्पादन के लिए एकल लाइसेंस प्रदान करने, मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता, अपतटीय ब्लॉकों के लिए रॉयल्टी की दर कम करता है।

ओपन एक्रेजेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) का मतलब है कि संभावित निवेशक / कंपनियां अपनी पसंद के क्षेत्र में अन्वेषण कार्य कर वर्ष के दौरान कभी भी अभिरूचि की अभिव्यक्ति / प्रकटन (ईओआई) कर सकती हैं। ओएएलपी के अंतर्गत पांच दौरों की बोली में 110 ब्लॉकों की पेशकश की गई और 1,56,580 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करने वाले 105 अन्वेषण ब्लॉक सफल बोलीदाताओं को आवंटित किए गए। 16 सेडिमेंटरी बेसिन में फैले हुए शेष 105 ब्लॉकों के लिए 205 बोलियां प्राप्त हुई।

31.03.2021 तक ओएएलपी बोली दौर के तहत प्रदान किए गए ब्लॉक का सारांश निम्नलिखित है:

दौर	प्रस्तुत	प्रदान	संचालन	क्षेत्र एसकेएम में
ओएएलपी बोली दौर-I	55	55	55	59,282
ओएएलपी बोली दौर-II	14	14	14	29,233
ओएएलपी बोली दौर-III	23	18	18	29,765
ओएएलपी बोली दौर-IV	7	7	7	18,510
ओएएलपी बोली दौर-V	11	11	11	19,790
कुल ओएएलपी	110	105	105	1,56,580

5.1.2 नई अन्वेषण लाइसेंस नीति का कार्यान्वयन (एनईएलपी)

अब तक, एनईएलपी के नौ चरण (राउंड) संपन्न हो चुके हैं तथा अन्वेषण और उत्पादन के लिए 254 ब्लॉक सौंपे गए हैं। 254 ब्लॉकों में से वर्तमान में 43 ब्लॉक परिचालन कर रहे हैं, 2 अन्वेषण ब्लॉकों में पीईएल (पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस) की प्रतीक्षा है और 209 ब्लॉकों को या तो छोड़ दिया गया है या छोड़ देने का प्रस्ताव है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, एनईएलपी के तहत कुल 4 (एक तेल तथा 3 गैस खोज) खोजों को अधिसूचित किया गया है । एनईएलपी के तहत अब तक अधिसूचित खोजों की स्थिति का पूर्वावलोकन निम्नानुसार है

खोजों की स्थिति	तेल	गैस	कुल
उत्पादन में आने वाली खोजें	32	13	45
विकासोनोमुख या उत्पादनोमुख खोजें	12	21	33
व्यावसायिकता स्थापित (डीओसी रिव्यु)	2	14	16
प्रारंभिक चरण की खोजें, दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना है	4	12	16
ऑपरेटर द्वारा खोज नहीं की गई, वापिस अथवा वापिस लेने के लिए प्रस्तावित	17	49	66
कुल	67	109	176

5.1.3 उत्पादन भागीदारी संविदाओं की निगरानी:

भारत सरकार ने खोजे गए क्षेत्रों, 33 सीबीएम ब्लॉकों, एनईएलपी–पूर्व व्यवस्था के अंतर्गत 28 अन्वेषण ब्लॉकों तथा एनईएलपी व्यवस्था के अंतर्गत 254 ब्लॉकों की 28 संविदाओं पर हस्ताक्षर किए हैं । डीजीएच प्रत्येक ब्लॉक / क्षेत्र के लिए स्थापित प्रबंधन समितियों के माध्यम से भारत सरकार की ओर से इन उत्पादन भागीदारी संविदाओं के प्रबंधन के निष्पादन की निगरानी करता है। इसमें वार्षिक कार्यक्रम, परियोजना निगरानी, भंडार और उत्पादन प्रोफाइल की समीक्षा और विकास योजना बजट और वार्षिक कार्यक्रम की समीक्षा और अनुमोदन भी शामिल है ।

वर्ष 2020–21 के दौरान, पीएससी व्यवस्था के अंतर्गत क्षेत्रों / ब्लॉकों ने निम्नानुसार उत्पादन किया :

रिजिम	तेल+संघनन (एमएमटी में)	गैस–बीसीएम
प्री–एनईएलपी के खोजे गए क्षेत्र	0.82	0.404
एनईएलपी के अन्वेषण ब्लॉक्स	0.23	0.942
प्री–एनईएलपी के अन्वेषण ब्लॉक्स	6.33	2.33
सीबीएम ब्लॉक्स	0.00	0.642
कुल	**7.37**	**4.32**

5.1.4 भू–वैज्ञानिक डेटा अधिग्रहण

क. भारतीय अवसादी बेसिनों में हाइड्रोकार्बन के लिए भू–वैज्ञानिक डेटा जेनरेट करने की नीति:

भूकंपीय सर्वेक्षण एक महंगी प्रक्रिया है– विशेषत: अपतटीय क्षेत्रों में। गैर–अपवर्जक (नॉन एक्सक्लूसिव) बहु–ग्राहकीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण, एक विशिष्ट व्यवसाय योजना है जिसमें सरकार पर बिना किसी वित्तीय भार के क्षेत्र का मूल्यांकन किया जा सकता है । बहु–ग्राहकीय भौमिकीय डेटा अधिग्रहण नीति के अंतर्गत पश्चिमी तटीय – कच्छ, सौराष्ट्र और मुंबई बेसिनों के 310.5 एलकेएम में सी.एस.ई.एम. का डेटा प्राप्त और प्रोसेस किया गया है।

ख. राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (भूमि (ऑनलैंड) पर भारतीय अवसादी बेसिनों के "मूल्यांकित किए जाने वाले क्षेत्रों" में 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण)

सरकार ने अक्टूबर, 2016 में भारत के सभी तलछटी घाटियों में अप्रकाशित क्षेत्रों के मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) तैयार किया, जहां कोई भी डेटा उपलब्ध नहीं था । कार्यक्रम के तहत, सरकार ने डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या (एपीआई) के लिए 48,243 लाइन किलो मीटर (एलकेएम) के लिए 2 डी भूकंपीय सर्वेक्षण आयोजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। परियोजना की अनुमानित लागत रु. 2,932.99 करोड है और जिसके वर्ष 2021–22 तक पूरा होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम के तहत 31.03.2021 तक 48,243 लाइन किलोमीटर में से 46003.55 लाइन किलोमीटर (95.36%) सतह कवरेज पर 2डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण किया गया।

5.1.5 राष्ट्रीय डेटा रेपॉजिटरी (एनडीआर) :

अपस्ट्रीम तेल और गैस के अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों में सफलता के लिए गुणवत्तायुक्त भूवैज्ञानिक डाटा एक महत्वपूर्ण निवेश है। यह किसी क्षेत्र विकास परियोजना की तकनीकी–व्यवसायकिता की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गुणवत्तायुक्त डाटा उपलब्ध कराने हेतु डीजीएच कार्यालय नोएडा में राष्ट्रीय डाटा रिपोजिटरी के साथ–साथ भुवनेश्वर में माध्यमिक डाटा केंद्र (एसडीसी) की स्थापना की गई है।

वर्तमान स्थिति– 01.04.2021 तक राष्ट्रीय डाटा रिपोजिटरी में अब तक 281 कंपनियां एवं 875 उपयोगकर्ता पंजीकृत है।

एनडीआर में उपलब्ध आंकड़ों की मात्रा निम्नानुसार है:

- 2 डी भूकंपीय डाटा: 2.603 मिलियन लाइन कि.मी.
- 3 डी भूकंपीय डाटा: 0.879 मिलियन वर्ग कि.मी.
- भूकंपीय रिपोर्ट: 15,528 नग
- कूप लॉग डाटा: 19,317 नग
- कूप रिपोर्ट्स: 40,245 नग

5.1.6 राष्ट्रीय गैस हाइड्रेट कार्यक्रम (एनजीएचपी)

देश में राष्ट्रीय गैस हाइड्रेट कार्यक्रम पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा संचालित है और तकनीकी रूप से हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा समन्वित है। एनजीएचपी के तहत अब तक दो अभियान 01 और 02 पूरे कर लिए गए है। 2006 में किए गए अभियान–01 के तहत, 21 स्थलों पर 39 छिद्र ड्रिल किये गए और कृष्णा गोदावरी, महानदी और अंडमान में गैस हाइड्रेट्स की भौतिकीय उपस्थिति दर्ज की गई लेकिन उपलब्ध प्रौद्योगिकियों द्वारा उनका दोहन संभव नहीं था। अभियान–02, 2015 में आयोजित किया गया था जिसमें 25 साइटों में 42 छेद ड्रिल किए गए थे। केजी बेसिन में दो अलग–अलग गैस हाइड्रेट असर वाले रेत के जलाशय क्षेत्रों बी एंड सी की पहचान की गई थी और क्षेत्र 'ए' रेत–समृद्ध आगार प्रणाली वाले जिसमें सकेंद्रित गैस हाइड्रेट संचय की सीमित उपस्थित थी। एरिया–ई ड्रिल किए गए कूपों में फ्रैक्चर/विस्थापन और पोर–फिलिंग प्रकार के गैस हाइड्रेट के संयोजन के साथ गैस हाइड्रेट की उपस्थिति का संकेत मिलता है।

एनजीएचपी अभियान–2 के परिणाम उत्साहवर्धक हैं और आगे इसके व्यापक अध्ययनों से गैस हाइड्रेट संसाधन क्षमता, आगार के वर्गीकरण, आगार के परिसीमन और सी–फ्लोर और वेलबोर स्थिरता के लिए भू–यांत्रिक मॉडलिंग का आकलन और परीक्षण के लिए पायलट उत्पादन के लिए साइटों की पहचान करने की योजना है। केजी गहरे अपतटीय क्षेत्र 'बी और सी' गैस हाइड्रेट संचयन के एनजीएचपी अभियान–3 के तहत गैस हाइड्रेट उत्पादन परीक्षण के लिए उपयुक्त स्थल हो सकते हैं।

गैस हाइड्रेट से गैस उत्पादन की तकनीक अभी परिपक्व नहीं हुई है और दुनिया भर में अनुसंधान एवं विकास के चरण में है। एनजीएचपी अभियान–03 की योजना और निष्पादन प्रौद्योगिकी का परीक्षण करने और भारत के ऑफशोर में गैस हाइड्रेट्स के दोहन की व्यावसायिकता का आकलन करने के लिए है। एनजीएचपी–02 से प्राप्त आंकड़ों के साथ मिलान और व्याख्या/विश्लेषण के आधार पर, पांच साइटों को अतिरिक्त डाटा प्राप्त करने के लिए उपयुक्त पाया गया है जो पायलट उत्पादन परीक्षण के लिए उपयुक्त हो सकते हैं। सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर एनजीएचपी सदस्य संगठनों की मदद से एक संभावित कार्य योजना तैयार की गई है।

एनजीएचपी के सदस्य संगठन व्यवहार्य उत्पादक प्रौद्योगिकी के विकास परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। सदस्य संगठन द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्य भारतीय अपतट में गैस हाइड्रेट पायलट का उत्पादन परीक्षण के निष्पादन के लिए संभावित संसाधन और दृढ़ रणनीति की योजना तैयार करेंगे। प्रायोगिक उत्पादन परीक्षणों के लिए रूचि के क्षेत्र/स्थलों और उत्पादन प्रौद्योगिकी के विकास के अनुमोदन के पश्चात् कार्य योजना लागू की जाएगी।

5.1.7 कोल बेड मीथेन (सीबीएम):

वित्त वर्ष 2020–21 तक 5 सीबीएम ब्लॉकों से सीबीएम का संचयी उत्पादन 4.4 बीसीएम है, इसमें सीबीएम झरिया ब्लॉक का प्रारंभिक जॉच उत्पादन शामिल है। वित्त वर्ष 2020–21 में गैस उत्पादन की औसत दर 1.76 एमएमएससीएमडी थी।

तेल उद्योग विकास बोर्ड
तेउविबो OIDB

वर्तमान में, 8 सीबीएम ब्लॉक सक्रिय है, जिनमें से 4 उत्पादन चरण में हैं और 4 विकास चरण में हैं। सीबीएम ब्लॉक से प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन रानीगंज (दक्षिण) ब्लॉक से वर्ष 2007 में शुरू हुआ। रानीगंज (पूर्व) ब्लॉक से जुलाई 2016, सोहागपुर (पश्चिम) से मार्च 2017 से और बोकारो से अगस्त 2019 से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हुआ। इसके अतिरिक्त झरिया ब्लॉक में परीक्षण के दौरान सीबीएम कुओं के परीक्षण के दौरान आपतित (इंसिडेंटल) सीबीएम गैस का उत्पादन हो रहा है।

देश में सीबीएम उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से सीबीएम के मुद्रीकरण के लिए दिनांक 11.04.2017 को एक सीबीएम नीति अधिसूचित की गई। इस नीति के तहत सीबीएम संविदाकारों को विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता प्रदान की गई। जिससे देश में सीबीएम उत्पादन में वृद्धि को प्रोत्साहित किया जा सके । नीति का मूल मंत्र "व्यवसाय में सुविधा" और "अधिकतम शासन और न्यूनतम सरकार" है जिसके अंतर्गत अन्वेषण और उत्पादन में निवेश को और अधिक बढ़ावा देने हेतु संविदा प्रावधानों में निर्विवाद ढील दी जा सके और भारत की ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग प्रदान किया जा सके।

5.1.8. खोजे गए लघु क्षेत्र बोली राउंड

नामांकित और पीएसबी क्षेत्रों की अ–विमुद्रीकृत/त्याग दी गई खोजों के मुद्रीकरण के लिए लघु क्षेत्र नीति लाई गई। लघु क्षेत्र बोली नीति हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और उत्पादन नीति (एचईएलपी) से जुड़ी है, जो राजस्व साझाकरण मॉडल को अपनाती है जो भारतीय ई एंड पी क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के दिशा सुधार में एक कदम है। यह आकर्षक राजकोषीय शर्तों जैसे कम रॉयल्टी दरों और बिना सेस, सभी हाइड्रोकार्बन के लिए एकल लाइसेंस, मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता, अनुबंध की अवधि में अन्वेषण, बिना कोई ऐतिहासिक लागत और सामान्य सुविधाओं के साझाकरण के प्रावधानों के साथ निर्गत की गई है।

नीति को 14 अक्टूबर 2015 की अधिसूचना के तहत अधिसूचित किया गया। इन नीति का खोजे गए लघु क्षेत्र नीति (डीसीएफ) के नाम से पुनः नामित किया गया। सरकार ने डीसीएफ नीति को भविष्य के डीसीएफ राउंड के लिए दिनांक 5.04.2018 को राजपत्र में अधिसूचित किया खोजे गए लघु क्षेत्र नीति के अन्तर्गत निम्नलिखित पहल की गई:–

खोजे गए लघु क्षेत्र बोली राउंड–I (2016)

- लघु क्षेत्र बोली दौर –I को 25 मई, 2016 को चालू किया गया था ।
- 43 खोजों से युक्त 30 संविदा क्षेत्रों (23 तट और 7 उथले अपतट) के लिए राजस्व भागीदारी संविदाओं (आरएससी) पर 27 मार्च, 2017 को हस्ताक्षर किए गए।

खोजे गए लघु क्षेत्र बोली राउंड–II (2018)

- लघु क्षेत्र बोली दौर –II को 9 अगस्त 2018 को लॉन्च किया गया था ।
- 58 खोजों से युक्त 24 संविदा क्षेत्र (15 तटीय और 9 उथले अपतटीय) को प्रदान किए गए और राजस्व साझाकरण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

खोजे गए लघु क्षेत्र नीति के तहत अनुबंधित क्षेत्र

बोली दौर	लांच वर्ष	संविदा क्षेत्रों/फील्ड्स की संख्या		क्षेत्र (वर्ग कि.मी. में)
		प्रस्तावित	प्रदान	
डीएसएफ-I	2016	46 (67 फील्ड्स)	30 (43 फील्ड्स)	776.8
डीएसएफ-II	2018	25 (59 फील्ड्स)	24 (58 फील्ड्स)	3004.2
कुल	71 (126 फील्ड्स)	54 (101 फील्ड्स)	3780.9	

5.1.9 अनिवार्यता प्रमाण पत्र

वर्ष 2020–21 के दौरान डीजीएच ने कुल 37,070.72 करोड़ रूपए सीआईएफ मूल्य के कुल 14560 अनिवार्यता प्रमाण पत्र जारी किए।

5.1.10 तेल और गैस के लिए संवर्धित पुर्नप्राप्ति विधियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहन देने के लिए नीति तंत्र

सरकार ने संवर्धित पुर्नप्राप्ति (ईआर)/उन्नत पुर्नप्राप्ति (आईआर)/गैर–परंपरागत हाइड्रोकार्बन (यूएचसी) उत्पादन विधियों/तकनीकों को राजकोषीय प्रोत्साहन और मौजूदा क्षेत्रों की उत्पादकता में सुधार करने और समग्र रूप से बढ़ाने के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के नीतिगत ढांचे को मंजूरी दी है। हाइड्रोकार्बन की वसूली नीति अपनी ईआर क्षमता, उपयुक्त ईआर तकनीकों का मूल्यांकन और राजकोषीय प्रोत्साहन और सभी पात्र क्षेत्रों के अनिवार्य स्क्रीनिंग के माध्यम से हर क्षेत्र के प्रणालीगत मूल्यांकन के लिए प्रदान करती है, जो कि वाणिज्यिक स्तर पर ईआर परियोजना के वास्तविक कार्यान्वयन से पहले लागत को जोखिम में नहीं डालने तथा इसे आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए, पायलट ईआर परियोजनाओं का संचालन करती है।

नीति द्वारा नई, नवीन और अत्याधुनिक तकनीक को शामिल करने और मौजूदा क्षेत्रों की पूर्ण वसूली को बेहतर बनाने के लिए तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने की उम्मीद है।

उपरोक्त नीति की वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति (31 मार्च 2021 तक) नीचे दी गई है:

स्थिति	रिजीम	संचयी (संख्या में)
योजना के तहत कवर किए गए क्षेत्रों की संख्या	ओएनजीसी नामांकन	147
	ओआईएल नामांकन	18
	पीएससी/आरएससी	51
	कुल	216
स्क्रीनिंग के लिए प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	ओएनजीसी नामांकन	20
	ओआईएल नामांकन	4
	पीएससी/आरएससी	9
	कुल	33
सहमति प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	ओएनजीसी नामांकन	11
	ओआईएल नामांकन	2
	पीएससी/आरएससी	1
	कुल	14
पायलट अध्ययन के तहत फील्ड्स की संख्या	ओएनजीसी नामांकन	1
	ओआईएल नामांकन	0
	पीएससी/आरएससी	0
	कुल	1
वाणिज्यिक आवेदन के तहत क्षेत्रों की संख्या	ओएनजीसी नामांकन	0
	ओआईएल नामांकन	0
	पीएससी/आरएससी	0
	कुल	0

5.1.11 सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली का कार्यान्वयन

ई एंड पी क्षेत्र में सुधार पर दिनांक 28.02.2019 की अधिसूचना के हिस्से के रूप में, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने एक पोर्टल लॉन्च किया है जो अपस्ट्रीम कंपनियों को सरकार की विभिन्न शाखाओं से जोड़ता है और इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग/आवेदनों आदि को ऑनलाइन जमा करना/पीईएल/पीएमएल, वेसल क्लीयरेंस, एक्सपैट क्लीयरेंस, पीएसी संविदा प्रबंधन प्रक्रिया, अनिवार्यता प्रमाणपत्र आदि जैसे विभिन्न मंजूरी/अनुमोदन/प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, डीजीएच पोर्टल, पर्यावरण मंत्रालय, वन और जलवायु परिवर्तन (एमओईएफ एवं सीसी) पोर्टल के माध्यम से आवेदनों को ऑनलाइन जमा करने और आवेदन की स्थिति देखने की सुविधा भी प्रदान करता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम संभावित निवेशकों को किसी भी क्षेत्र में व्यवसाय संचालन शुरू करने के लिए आवश्यक मंजूरी/अनुमोदन के बारे में सभी प्रासंगिक जानकारी तक पहुंच के लिए एकल बिंदु प्रदान करना है। यह एक बार अपलोड के माध्यम से एकीकृत सूचना डेटाबेस में एकाधिक मंजूरी के लिए सभी प्रासंगिक सूचनाओं और दस्तावेजों को प्राप्त (कैप्चर) करने के लिए एक वन स्टॉप प्लेटफॉर्म होगा।

सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली के माध्यम से डीजीएच द्वारा संचालित विभिन्न प्रक्रियाओं की स्थिति निम्नानुसार है:–

इलेक्ट्रॉनिक सिंगल विंडो और अनुबंधों की निगरानी स्थिति

क्र.सं.	मोड्यूल	वर्तमान स्थिति
1.	**संविदा प्रबंधनः पीएससी प्रबंधन प्रणाली**	47 पीएससी प्रक्रियाओं के साथ ऑनलाइन पीएससी वर्कफ्लो प्रबंधन प्रणाली प्रस्तावों को मंजूरी देने और अनुबंधों के प्रबंधन के लिए अनुरोध अक्टूबर 2019 से शुरू हो गया।
2.	**संविदा प्रबंधनः प्रक्रियाओं को सरल बनाना**	दिनांक 29.08.2020 से एक संक्रमण चरण सुविधा (फीचर) ऑनलाइन शुरु की गई है जिससे ऑपरेटर अपने दस्तावेज स्व–प्रमाणन अथवा सामान्य प्रक्रिया द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी श्रेणी ए, बी और सी प्रक्रियाओं को 20 तक सरलीकृत कर दिया गया है। 4 प्रक्रियाओं के लिए प्रवाह परिवर्तन प्राप्त हुए हैं और लागू किए गए हैं। प्रारंभिक डेटा प्रविष्टि के लिए फैक्टशीट मॉड्यूल खोले गए है। पीएससी प्रक्रियाओं को और सुसंगत बनाने का कार्य प्रगति पर है।
3.	**संविदा प्रबंधनः सीबीएम संविदा**	सॉफ्टवेयर के विकास ने सीबीएम अनुबंधों के लिए 31 प्रक्रियाओं को सरल बनाया है। जिसका परीक्षण पूरा हो गया है। सभी 31 प्रक्रियाओं को लागू और लाइव कर दिया गया है।
4.	**संविदा प्रबंधन : आरएससी प्रबंधन प्रणाली**	ओएएलपी के लिए ड्राफ्ट टेम्प्लेट प्राप्त हुआ है। विकास के लिए संसाधन जुटाने की तैयारी की जा रही है।
5.	**संविदा एवं अनुमोदन : ईसी मॉनिटरिंग प्रणाली**	डिजिटल रुप से हस्ताक्षरित अनिवार्यता प्रमाणपत्र (ईसी) जारी करने की ऑनलाइन प्रस्तुति 28/02/2019 से लाइव हो गई है। 28/02/2019 से आयातित वस्तुओं के लिए ईसी जारी करने के लिए सीमा शुल्क के साथ एकीकरण लाइव है। स्वदेशी वस्तुओं की खरीद के लिए अनिवार्यता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए उसे जीएसटीएन के साथ एकीकृत कर 31/01/2020 से लाइव किया गया। कई रिजिम में कई बाधाओं को दूर करने हेतु ईसी 17/08/2020 से लाइव हो गया। सीमा शुल्क विभाग के आईसीई गेट पोर्टल के साथ ईसीएमएस प्रणाली का एपीआई एकीकरण 28/09/2020 से लाइव हो गया है।

6.	क्लीयरेंस एवं अनुमोदन : ऑनलाइन पीईएल / पीएमएल आवेदन प्रणाली	अक्टूबर 2019 से लाइव हो गया। कुल प्राप्त आवेदन : 82 (पीईएल–27, पीएमएल–55) / (ऑफशोर–21, ऑनशोर–61) इस प्रणाली में दस राज्यों ने पंजीकरण कराया है। (अर्थात असम, त्रिपुरा, अरूणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उडीसा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल)।
7.	क्लीरेंस एवं अनुमोदन : वेसल क्लीयरेंस एवं प्रबंधन प्रणाली (वीसीएमएस)	डीजीएच द्वारा विकसित एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑपरेटर, डीजीएच और रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के बीच वेसल निकासी आवेदनों के ऑनलाइन क्लीयरेंस की सुविधा प्रदान की गई थी, जो मार्च 2018 से चालू है। जून 2020 में, रक्षा मंत्रालय ने आरएसईई (रिसर्च सर्वे एक्सप्लोरेशन एंड एक्सप्लॉयटेशन) गतिविधियों के लिए एनओसी जारी करने के लिए अपना पोर्टल लॉन्च किया। डीजीएच ने एमओडी से डीजीएच के अंदर आवेदनों के एंड–टू–एंड ऑनलाइन प्रोसेसिंग के लिए इस नए एमओडी ऑनलाइन एनओसी क्लीयरेंस पोर्टल में डीजीएच ने आंतरिक वर्कफ्लो को मैप करने का अनुरोध किया है।
8.	स्थल पुर्नस्थापना निधि प्रबंधन पोर्टल	स्वतंत्र तृतीय पक्ष द्वारा सुरक्षा ऑडिट के सफल समापन के बाद इसे इंटरनेट पर होस्ट किया गया है। पोर्टल में ऑपरेटरों और डीजीएच उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए यूजर आईडी बनाई गई है। प्रयोक्ता समूह द्वारा पोर्टल के संचालन के लिए ऑपरेटरों को डीजीएच से औपचारिक सूचना / पत्र जारी करने की प्रतीक्षा है।
9.	ई आर आवेदन पोर्टल	प्राप्त करने के लिए संशोधित डिजाइन और ईआर स्क्रीनिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद वर्कफ्लो को उपयोगकर्ता समूह से प्राप्त फीडबैक के आधार पर विकसित किया गया है।
10.	राजस्व प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस)	प्राप्त कार्यात्मक आवश्यकता विनिर्देशों के आधार पर आरएमएस एप्लिकेशन को विकसित / उन्नयन कर लिया गया है और स्टेजिंग पर परीक्षण किया गया है। भारतकोश के साथ एपीआई एकीकरण आरएमएस 01.04.2021 से लाइव हो गया है।

5.2 पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए)

पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में स्थापित पंजीकृत सोसायटी है। यह एक राष्ट्रीय सरकारी संस्था है जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने में लगी हुई है। यह तेल की आवश्यकता पर देश की अत्यधिक निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से पेट्रोलियम संरक्षण के लिए नीतियों और रणनीतियों को प्रस्तावित करने में सरकार की मदद करता है। पीसीआरए ईंधन कुशल उपकरणों के विकास के लिए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को प्रायोजित करता है। यह विभिन्न क्षेत्र की गतिविधियों के माध्यम से ईंधन संरक्षण के संदेश का प्रसार करता है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह बड़े पैमाने पर फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का भी व्यापक रूप से उपयोग करता है। इसके अलावा जनता को प्रभावित करने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और माई गोव प्लेटफॉर्म का भी उपयोग किया जाता है। ईंधन बचत और ईंधन दक्षता पर सुझाव और पीसीआरए की संरक्षण गतिविधियों पर अद्यतन पीसीआरए के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नियमित रूप से पोस्ट किए जाते हैं। जनता को जोड़ने के लिए समय–समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं और अभियान आयोजित किए जाते हैं। पीसीआरए द्वारा विभिन्न भाषाओं में विकसित कई फिल्मों, टीवी स्पॉट और रेडियो जिंगल, तेल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए उपयोग किए जाते हैं।

वर्ष 2020–21 के दौरान, ओआईडीबी द्वारा पीसीआरए को प्रशासनिक व्यय सहित अपनी गतिविधियों के निष्पादन के लिए 60.00 करोड रुपये जारी किए गए। वर्ष के दौरान की गई गतिविधियों की झलक नीचे दी गई:–

5.2.1. क्षेत्रीय गतिविधियां:

क्षेत्रीय गतिविधियां पीसीआरए संचालन के मुख्य क्षेत्रों में से एक हैं। ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को विशेष रूप से विभिन्न क्षेत्रों जैसे उद्योग, परिवहन, घरेलू और कृषि में हमारे देश के सामाजिक–आर्थिक रूपरेखा के एक बड़े समूह तक पहुँचने के लिए बनाया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में गतिविधियों की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं:

5.2.2. औद्योगिक क्षेत्र:

इस क्षेत्र में पीसीआरए गतिविधियां प्रौद्योगिकियों के उन्नयन और बड़े, मध्यम तथा लघु उद्योगों में अपव्यय को कम करने के माध्यम से ईंधन दक्षता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इसके अलावा, उद्योग कर्मियों के लिए संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता और योग्यता निर्माण अभ्यास भी किए जाते हैं। इस क्षेत्र में निम्न गतिविधियां शामिल हैं :

- ✓ **ऊर्जा लेखा परीक्षा**
  - o विभिन्न उद्योगों की ऊर्जा लेखा परीक्षा जो i) वार्षिक ऊर्जा खपत <= 100 टीओई और ii) वार्षिक ऊर्जा खपत > 100 टीओई के रूप में वर्गीकृत है
  - o पिछले वर्ष किए गए उद्योगों के सभी ऊर्जा लेखा परीक्षाओं के अनुपालन के लिए लेखा परीक्षा।
  - o लघु उद्योगों में अध्ययन
- ✓ **पैट लेखा परीक्षा**
  - o पीसीआरए पैट (परफॉर्म अचीव ट्रेड) कार्यक्रम के तहत अनिवार्य ऊर्जा लेखा परीक्षा (एमईए) और निगरानी और सत्यापन लेखा परीक्षा (एमएंडवी) आयोजित करता है। पीसीआरए को पैट चक्र–VI के तहत 15 पीएसयू रिफाइनरियों के एमईए के संचालन का आर्डर प्राप्त हुआ है। यह दिसंबर 2021 तक पूरा हो जाएगा। पीसीआरए ने 2020–21 में पैट लेखा परीक्षा के माध्यम से 1,01,238 टीओई ऊर्जा बचत की पहचान की है।
- ✓ **आईएसओ 50001– 2018 के लिए परामर्श**
- ✓ **प्रशिक्षण और कार्यशाला कार्यक्रम**
  - o औद्योगिक इकाईयां
  - o संस्थान (जैसे पॉलिटेक्निक, तकनीकी कॉलेज और उद्योग निकाय आदि)
  - o संगोष्ठी / तकनीकी व्याख्यान / उपभोक्ता बैठक में भाग लेना।

5.2.3. परिवहन क्षेत्र

पीसीआरए पूरे देश में बेहतर रखरखाव कार्यों, बेहतर ड्राइविंग आदतों, उत्सर्जन जागरूकता कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं आदि के माध्यम से पेट्रोल, डीजल, लुब्रीकेंट और ग्रीस के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य परिवहन उपक्रमों (एसटीयू), निजी बड़े संचालकों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है। इसकी गतिविधियों में शामिल हैं:

i) **एसटीयू (राज्य परिवहन उपक्रम) और अन्य के लिए चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम (डीटीपी)**– चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवहन क्षेत्र में ईंधन दक्षता को बढ़ावा देने और प्रचारित करने के लिए चालकों को अच्छी ड्राइविंग आदतों और रखरखाव के कार्यों में प्रशिक्षित करना है। डीटीपी के तहत, एसटीयू, सेना, वायु सेना, अर्ध सैन्य बलों, तेल कंपनियों और निजी फ्लीट संचालकों के चालकों को उनके ड्राइविंग कौशल में सुधार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है।

ii) **परिवहन कार्यशाला** – अनुकूलतम ईंधन खपत को प्राप्त करने के लिए उचित संचालन और रखरखाव प्रथाओं के संबंध में चालकों और यांत्रिकी के बीच सूचना के अंतर को पाटने के लिए आधे दिन की परिवहन कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

iii) **ईंधन दक्षता सुधार कार्यक्रम (एफईआईपी)** – ईंधन दक्षता सुधार कार्यक्रम पीसीआरए द्वारा बस डिपो की ईंधन दक्षता में सुधार करने के लिए शुरू की गई एक अनूठी पहल है जिसमें कम प्रदर्शन करने वाली बसों के रखरखाव के साथ कम प्रदर्शन करने वाले चालकों को प्रशिक्षित किया जाता है और उनके प्रदर्शन की निगरानी की जाती है। कम प्रदर्शन करने वाले चालकों को निर्धारित प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार प्रशिक्षित किया जाता है और फिर उन्हें आवश्यकतानुसार द्विसाप्ताहिक अनुवर्ती प्रशिक्षण मॉड्यूल में भेजा जाता है।

कम प्रदर्शन करने वाली बसों को टियर–1 रखरखाव प्रोटोकॉल के अधीन किया जाता है; जिसके बाद 15 दिनों तक बसों के प्रदर्शन की समीक्षा की जाती है। टियर–1 रखरखाव प्रोटोकॉल के उपरांत जिन बसों में 3 प्रतिशत से कम सुधार पाया जाता है उन्हें आगे टियर–2 रखरखाव प्रोटोकॉल के अधीन किया जाता है और 15 दिनों के बाद उनके प्रदर्शन की फिर से समीक्षा की जाती है। प्रत्येक डिपो के लिए, उपरोक्त अभ्यास बसों और चालकों के विभिन्न सेटों के लिए तीन राउंड (टियर– 1, 2, 3) में दोहराया जाता है, जिसमें लगभग 30 प्रतिशत कम प्रदर्शन करने वाले चालक और 30 प्रतिशत कम प्रदर्शन करने वाली बसें शामिल होती हैं।

iv) **एसटीयू पुरस्कार योजना** – पुरस्कार योजना का उद्देश्य राज्य स्तर पर प्रत्येक एसटीयू में सर्वश्रेष्ठ डिपो और राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ एसटीयू को वार्षिक ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान करके ईंधन बचत के लिए एसटीयू के चालकों, रखरखाव कर्मचारियों और अन्य डिपो कर्मियों को प्रोत्साहित और प्रेरित करना है। सक्षम 2021 के दौरान सर्वश्रेष्ठ एसटीयू के लिए 6 पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ डिपो के लिए 66 पुरस्कार प्रदान किए गए।

v) वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान, पीसीआरए ने परिवहन क्षेत्र में ईंधन दक्षता के विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श करने के लिए भुवनेश्वर, मोहाली और चेन्नई में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रायोजित तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया।

5.2.4 कृषि क्षेत्र

कृषि क्षेत्र में पीसीआरए के प्रयास कृषक समुदाय तक पहुंच कर कृषि उपकरणों में तेल संरक्षण के महत्व और तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित हैं। कृषि क्षेत्र में जागरूकता पैदा करने के लिए, पीसीआरए विशाल कृषक समुदाय तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचता है जैसे कि–

क. कृषि कार्यशालाएं

ख. कृषि मेलों / प्रदर्शनियों, किसान मेलों में भागीदारी

ग. किसानों में ईंधन संरक्षण उपायों के प्रसार के लिए कृषि विश्वविद्यालयों और किसान विकास केंद्रों के साथ सहयोग। इस संबंध में 2020–21 के दौरान पीसीआरए ने 3 कृषि विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

5.2.5 **जागरूकता अभियान:** इसके तहत पीसीआरए द्वारा संचालित गतिविधियां, जैसे कि

- घरेलू कार्यशाला – गृहिणियों को ईंधन कुशल खाना पकाने की आदतों, आईएसआई चिह्नित उत्पादों और स्टार रेटेड एलपीजी स्टोव का उपयोग कर लागत लाभ प्राप्त करने पर शिक्षित किया गया। घरेलू उपकरणों पर विभिन्न ऊर्जा संरक्षण युक्तियाँ भी दी गईं
- छात्रों और युवाओं के लिए जागरूकता अभियान
- प्रदर्शनियों में भागीदारी
- मीडिया अभियान –सक्षम–2021 के दौरान, देश भर में दूरदर्शन नेटवर्क के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय टीवी चैनलों, ऑल इंडिया रेडियो, लोकसभा टीवी, निजी एफएम और टीवी चैनलों पर अभियान को सफलतापूर्वक चलाया गया और लोगों को ईंधन संरक्षण और ईंधन दक्षता की आवश्यकता के बारे में शिक्षित किया गया। सक्षम–2021 के प्री–बज अभियान के दौरान, देश भर के निजी एफएम रेडियो चैनलों पर माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री की अपील को प्रसारित किया गया।

  मेगा अभियान के अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जनता को जोड़ने के लिए कई गतिविधियां भी चलाई गईं। उनमें से कुछ ऑनलाइन प्रतियोगिताएं, दैनिक थीम आधारित रचनात्मक विषय, सक्षम दिवस, स्वच्छता पखवाड़ा आदि जैसे कई आयोजनों का सीधा प्रसारण करना है। उपरोक्त के अलावा, वित्त वर्ष 2020–21 में 24 ट्विटर ट्रेंडिंग गतिविधियां की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में इंप्रेशन एकत्र किए गए। ईंधन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को फैलाने के लिए 17 सोशल मीडिया अभियान चलाए गए।

- साहित्य का वितरण – देश भर में 130 से अधिक स्थानों और 822 कृषि विकास केंद्रों में पीसीआरए साहित्य की 10.05 लाख प्रतियां मुद्रित और वितरित की गईं।

5.2.6 सक्षम

अपने ईंधन संरक्षण प्रयासों को निरंतर गति प्रदान करने के लिए, पीसीआरए सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों और गैस कंपनियों के साथ मिलकर हर साल 16 जनवरी से 15 फरवरी तक राष्ट्रव्यापी जन केंद्रित जन ईंधन संरक्षण जागरूकता अभियान "सक्षम" आयोजित करता है। इस वर्ष के आयोजन की टैगलाइन "हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा" थी।

महीने भर चलने वाले सक्षम–2021 कार्यक्रम के तहत तेल कंपनियों और तेल कंपनियों के राज्य स्तरीय संयोजकों द्वारा कई गतिविधियां संचालित की गईं, जिसमें स्कूली बच्चों, युवाओं, एलपीजी उपयोगकर्ताओं, हल्के, मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों के चालकों, बड़े संचालकों, औद्योगिक कर्मचारियों / श्रमिकों, किसानों, आवासीय समितियों, गैर सरकारी संगठनों, समूहों / समितियों / क्लबों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। सक्षम के तहत आयोजित कुछ मुख्य कार्यक्रम इस प्रकार हैं :

क) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों के राज्यों की राजधानियों, कार्यालयों/स्थानों/इकाइयों आदि में क्रमशः 16 जनवरी और 15 फरवरी को उद्घाटन और समापन समारोह।

ख) 31 जनवरी 2021 को देश भर के 280 शहरों में सक्षम साइकिल दिवस और 6 और 11 फरवरी 2021 को क्रमशः नई दिल्ली और मुंबई में ई–साइकिल रैली।

ग) विभिन्न शहरों जैसे मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, पटना, कटक और अन्यों में 7 फरवरी 2021 को सीएनजी कार रैली।

घ) स्कूलों/कॉलेजों में ईंधन संरक्षण पर वाद–विवाद प्रतियोगिता/समूह वार्ता/भित्तिचित्र/दीवार चित्रकारी प्रतियोगिता।

ङ) ईंधन संरक्षण पर इंजिनियरिंग कॉलेजों में कार्यशाला/औद्योगिक क्षेत्रों में तकनीकी बैठक।

च) आरडब्ल्यूए/आवासीय सोसायटी/कालोनियों में समूह वार्ता।

छ) क्लबों/सोसाइटियों/गैर सरकारी संगठनों/समूहों आदि के लिए आवासीय सोसायटियों में महिलाओं के लिए साइकिल रैली/ऑनलाइन प्रतिज्ञा/प्रश्नोत्तरी/निबंध प्रतियोगिता/ईंधन कुशल खाना पकाने की प्रतियोगिताएं।

ज) कारों और ट्रकों के लिए ईंधन कुशल ड्राइविंग प्रतियोगिता।

झ) माननीय मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस / मुख्यमंत्री / राज्यपाल के संदेश का समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रकाशन, टीवी और रेडियो पर राज्यपाल / मुख्यमंत्री / मंत्रियों द्वारा संबोधन, टीवी / रेडियो में टॉक शो, समाचार पत्र एजेंसियों के लिए लेख लेखन प्रतियोगिता, व्यापक सोशल मीडिया अभियान, टीवी, रेडियो और सिनेमा हॉल पर जिंगल/स्पॉट।

ञ) प्रेस कॉन्फ्रेंस / प्रेस विज्ञप्ति

ट) एलपीजी पंचायतें और एलपीजी वितरण करने वाले लड़कों को एलपीजी बचत युक्तियों पर प्रशिक्षण और सभी एलपीजी वितरकों पर स्वास्थ्य शिविर।

ठ) रिटेल आउटलेट्स और सीएनजी स्टेशनों पर समूह वार्ता ।

ड) किसानों के लिए कृषि कार्यशालाएं।

ढ) एसटीयू / बेड़े संचालिकों (संगठित / असंगठित क्षेत्र) के लिए कार्यशालाएँ / समूह वार्ता।

ण) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों की इकाइयों और प्रतिष्ठानों में विभिन्न कार्यक्रम। इनमें कर्मचारियों और वितरकों और अन्य हितधारकों को शामिल करते हुए समूह वार्ता, सभी पेट्रोलियम उपभोग करने वाले उपकरणों और वाहनों की उत्सर्जन जांच, साईकिल रैली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, होर्डिंग्स/डिजिटल डिस्प्ले पर संदेश आदि शामिल हैं।

सक्षम कार्यक्रम के दौरान
नई दिल्ली में आयोजित ई–साइक्लोथन

31 जनवरी 2021 को पटना में आयोजित सक्षम साइक्लोथॉन में भाग लेते हुए माननीय सांसद श्री राम कृपाल यादव

5.2.7. **स्कूली बच्चों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता–2020**

बच्चे भारत का भविष्य और परिवर्तन के अग्रदूत हैं। प्रभावशाली युवा मस्तिष्कों में ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता की भावना पैदा करने के लिए हर साल निबंध, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। महामारी के कारण 2020 के लिए राष्ट्रीय स्तर की निबंध, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं पूरी तरह से ऑनलाइन तरीके से आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 7 से 10 तक के लगभग 3.36 लाख छात्रों ने भाग लिया। राज्य स्तर पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता और राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। निबंध, चित्रकला के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं शीघ्र ही आयोजित की जाएंगी।

1. अनुसंधान और विकासः वित्त वर्ष 2020–21 में दो परियोजना प्रस्तावों को पूरा किया गया।

अनुसंधान एवं विकास परियोजना का शीर्षकः	अनुसंधान संगठनः
घरेलू खाना पकाने के एलपीजी स्टोव की थर्मल दक्षता में सुधार	बीपीसीएल कॉर्पोरेट आर एंड डी सेंटर, ग्रेटर नोएडा
मेट्रो स्टेशनों के आसपास ट्रैफिक सर्कुलेशन योजनाओं के लिए कार्यप्रणाली का विकास और माइक्रोस्कोपिक सिमुलेशन का उपयोग करके उनके प्रभाव की मात्रा का ठहराव	सीएसआईआर–सीआरआरआई, नई दिल्ली

➢ बीपीसीएल आरएंडडी सेंटर (बीपीसीएल रमन–1 और बीपीसीएल रमन–2) द्वारा पीसीआरए प्रायोजित आरएंडडी परियोजना के रूप में विकसित एलपीजी स्टोव बर्नर की तापीय क्षमता लगभग 74 प्रतिशत है (जबकि उपलब्ध बर्नर की औसत दक्षता लगभग 68 प्रतिशत है) और इस कम लागत वाले नवाचार के कारण आने वाले वर्षों में करोड़ों रुपये की बचत होगी।

5.2.8 **08.12.2020 को आयोजित 85वीं एससीएम (स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक) में पांच नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।**

अनुसंधान एवं विकास परियोजना का शीर्षक	संस्था/संगठन	कुल परियोजना लागत (लाख रुपये)	पीसीआरए अंशदान (लाख रुपये)
बायोगैस पर काम कर रहे एक माइक्रो टर्बाइन कम्बस्टर का डिजाइन और विकास	आईआईटी जोधपुर और आईआईपी देहरादून	97.38	24.98
इनलाइन बायो–मीथेन संवर्धन और CO2 पृथक्करण प्रणाली का डिजाइन और विकास	सीएसआईआर–सीएमईआरआई–सीओईएफएम, लुधियाना	24.79	19.96
एमएसएमई में दहन प्रणालियों के प्रदर्शन में हस्तक्षेप और सुधार	आईआईटी दिल्ली	24.93	24.93
बायो गैस एकीकृत अर्ध–पारदर्शी फोटोवोल्टिक थर्मल (एसपीवीटी) कलेक्टरों (बीआई–एसपीवीटी) आरजीआईपीटी अमेठी का प्रदर्शन मूल्यांकन	आरजीआईपीटी, अमेठी	25.00	25.00
सडक अनुप्रयोगों के लिए एनकैप्सुलेटेड डामर–रबर फुटपाथ (ईएआरपीएवीई) उत्पादों का विकास	आईआईटी तिरुपति	42.54	42.54

5.2.9 **अनुसंधान एवं विकास क्षेत्र में निम्न अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं**

क. पीसीआरए के सहयोग से आईआईपी–देहरादून द्वारा उच्च तापीय क्षमता वाला घरेलू पीएनजी स्टोव विकसित किया गया है। प्रयोगशाला में परीक्षण की दौरान, विकसित पीएनजी बर्नर की तापीय दक्षता 52

प्रतिशत से 56 प्रतिशत तक पाया गया जब की , पीएनजी सेवा के लिए उपयोग किए जाने वाले एलपीजी स्टोव की तापीय दक्षता सिर्फ 40 प्रतिशत है। पीसीआरए ने पूरे भारत में पीएनजी ग्राहकों के बीच 10 लाख पीएनजी स्टोव वितरित करने के लिए 16.01.2021 को ईईएसएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। 10,000 पीएनजी स्टोव खरीदने की प्रारंभिक निविदा जारी की गई है।

ख. पीसीआरए ने मौजूदा घरेलू एलपीजी स्टोव की दक्षता बढ़ाने के लिए एक रेट्रोफिट किट डिजाइन करने के लिए एलईआरसी से संपर्क किया था। लगभग 75 प्रतिशत की ईंधन दक्षता के साथ रेट्रोफिट किट एलईआरसी द्वारा डिजाइन किया गया है। मैसर्स सुपर एलपीजी अप्लायंसेज ने प्रोटोटाइप विकसित किया है और एलईआरसी द्वारा इसका परीक्षण और अनुमोदन किया गया है।

5.2.10 नीतिगत पहल

क. मानक और लेबलिंग (एस एंड एल) कार्यक्रम पीसीआरए के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। एस एंड एल का मुख्य उद्देश्य ग्राहक को विपणन उत्पाद के बारे में एक सूचित विकल्प प्रदान करना है ताकि वह ऊर्जा बचा सके और इस तरह शुद्ध लागत को भी कम कर सके।

ख. ईंधन दक्षता का विकास (एफई) मानदंड

एस एंड एल और एफई मानदंडों के तहत पहल इस प्रकार हैं:

I. परिवहन क्षेत्र डीजल का प्रमुख उपभोक्ता है और भारत में कुल डीजल बिक्री का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा इसका है। भारी, हल्के और मध्यम वाणिज्यिक वाहनों के लिए ईंधन अर्थव्यवस्था के मानदंडों को अनिवार्य करने से इस क्षेत्र में खपत होने वाले डीजल को बचाने में बहुत मदद मिलेगी।

भारी वाहनों के लिए ईंधन मितव्ययता मानदंड

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भारी वाहनों के लिए ईंधन मितव्ययता मानदंड विकसित करने के लिए एक संचालन समिति का गठन किया था । पीसीआरए संचालन समिति का सदस्य सचिव था। विद्युत मंत्रालय (एमओपी) ने 16.08.2017 को बीएस–VI वाले भारी वाहनों (एचडीवी) के लिए ईंधन अर्थव्यवस्था मानदंड अधिसूचित किए, जिसे 16.08.2018 को संशोधित किया गया। 1 जनवरी 2021 से चरण –1 मानदंडों के कार्यान्वयन की तारीख के साथ विद्युत मंत्रालय ने संशोधित अधिसूचना एस.ओ. 3215(ई) 21.09.2020 को जारी किया।

हल्के एवं मध्यम वाणिज्यिक वाहनों के लिए ईंधन मितव्ययता मानदंड

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 3.5 टन से 12 टन के सकल वजन वाले हल्के और मध्यम वाणिज्यिक वाहनों (एल एंड एमसीवी) के लिए ईंधन मितव्ययता मानदंड विकसित करने के लिए 27.11.2017 को संयुक्त सचिव (आर) की अध्यक्षता में एक संचालन समिति का गठन किया। पीसीआरए संचालन समिति के सदस्य सचिव था।

विद्युत मंत्रालय (एमओपी) ने 16.07.2019 को हल्के और मध्यम वाणिज्यिक वाहनों (एल एंड एमसीवी) के लिए ईंधन अर्थव्यवस्था मानदंड अधिसूचित किए।

बीएस–VI अनुपालक वाहनों के लिए सुधार कारक का विकास

I. उपर्युक्त अधिसूचनाएं दिनांक 16.07.2019 (हल्के एवं मध्यम वाणिज्यिक वाहनों) और दिनांक 21.09.2020 (भारी वाहनों) बीएस– VI उत्सर्जन मानदंडों के लिए हैं। बीएस– VI उत्सर्जन मानदंडों पर सुधार कारक लागू करके बीएस– VI उत्सर्जन मानदंड प्राप्त किए जाने थे। तदनुसार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बीएस– VI अनुपालन भारी वाहनों और हल्के एवं मध्यम वाणिज्यिक वाहनों के लिए सुधार कारक प्राप्त करने के लिए कार्यकारी निदेशक–पीसीआरए की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने संशोधित अधिसूचना जारी करने के लिए सुधार कारकों पर तकनीकी समिति की रिपोर्ट बीईई को भेज दी है।

II. वाहनों की ईंधन दक्षता में सुधार करने में टायरों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। भारत में टायरों के एस एंड एल के विकास के लिए कार्यकारी निदेशक पीसीआरए की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया गया था। तकनीकी समिति ने 06.08.2019 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। विद्युत मंत्रालय ने 19 मार्च 2021 को प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बीईई टायरों के एस एंड एल के स्वैच्छिक चरण को शुरू करने की प्रक्रिया में है।

III. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ट्रैक्टरों के ईंधन अर्थव्यवस्था मानदंडों को विकसित करने और निगरानी करने के लिए मार्च 2018 में संयुक्त सचिव (रिफाइनरी) की अध्यक्षता में एक संचालन समिति का गठन किया। पीसीआरए संचालन समिति का सदस्य सचिव था। संचालन समिति ने ट्रैक्टर लेबलिंग के स्वैच्छिक चरण के कार्यान्वयन के लिए बैंडविड्थ और मसौदा अनुसूची को मंजूरी दे दी है। बीईई को ट्रैक्टरों के लिए ईंधन मितव्ययता मानदंडों को अंतिम रूप देना है।

IV. बीईई द्वारा हल्के, मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की ईंधन खपत को नापने के लिए वेक्टो टाइप सिमुलेशन टूल के विकास का वित्तीय अनुमोदन प्रगति पर है।

V. घरेलू एलपीजी स्टोव के लिए एस एंड एल कार्यक्रम: पीसीआरए के प्रयासों से, बीआईएस मानक आईएस 4264: 2002 "तरलीकृत पेट्रोलियम गैसों के साथ उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव – विनिर्देशों" को प्रभावी रूप से 01.06.2020 से भारत में निर्मित, आयातित या बेचे जाने वाले सभी घरेलू एलपीजी स्टोव के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ, प्रत्येक एलपीजी स्टोव मॉडल की न्यूनतम तापीय क्षमता 68 प्रतिशत होनी चाहिए।

ईंधन दक्षता और ईंधन संरक्षण से संबंधित ये गतिविधियाँ और उपाय के जरिए वर्ष 2021–22 तक कच्चे तेल के आयात में 10 प्रतिशत की कमी के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में पीसीआरए सकारात्मक योगदान दे रहा हैं।

5.3. पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

दिनाक 1 अप्रैल, 2002 को पेट्रोलियम क्षेत्र में निर्देशित मूल्य निर्धारण व्यवस्था (एपीएम) के समापन के उपरांत, तेल समन्वयन समिति को भंग कर दिया गया था और दिनांक 1 अप्रैल 2002 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय के रुप में सरकार के निम्नलिखित कार्यों में सहायता प्रदान करने हेतु एक नए प्रकोष्ठ पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) का गठन किया गया:

(क) पीडीएस केरोसीन एवं घरेलू एलपीजी पर सब्सिडी और दूर–दराज के क्षेत्रों के लिए भाड़ा सब्सिडी की व्यवस्था।

(ख) आपातकालीन एवं अप्रत्याशित स्थितियों से मुकाबला करने के लिए सूचना डेटा बैंक और संचार प्रणाली का अनुरक्षण।

(ग) अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार और घरेलू कीमतों में प्रवृत्तियों का विश्लेषण।

(घ) पेट्रोलियम आयातों और निर्यातों की प्रवृत्तियों का पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन।

(ङ) क्षेत्र विशेष अधिभार योजनाओं का संचालन, यदि कोई हों।

महानिदेशक की अध्यक्षता में वित्त, आपूर्ति, मांग, सूचना प्रौद्योगिकी, विपणन, गैस, और मानव संसाधन एवं समन्वय प्रभागों के अधीन पीपीएसी में 43 अधिकारियों एवं स्टाफ की संख्या स्वीकृत है। केन्द्रीय कर्मचारी योजना के तहत संयुक्त सचिव स्तर पर प्रतिनियुक्ति पर तैनात महानिदेशक को छोड़कर, सभी अधिकारी एवं स्टाफ तेल कंपनियों से प्रतिनियुक्ति पर लिए गए हैं।

ओआईडीबी ने वर्ष 2020–21 के दौरान, पीपीएसी को अनुदान के रुप में 22.04 करोड़ रुपये प्रदान किए। वर्ष के दौरान पीपीएसी ने निम्नलिखित गतिविधियां की :

5.3.1 तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के सब्सिडी दावों का निपटान

1 जनवरी 2015 से प्रभावी, पहल (डीबीटीएल) योजना–2014 पूरे देश में क्रियान्वित की गई। इस योजना के तहत घरेलु एलपीजी पर मिलने वाली सब्सिडी सीधे ही पात्र ग्राहकों के बैंक खातों में स्थानान्तरित की जाती है। पहल योजना के तहत वर्ष 2020–21 में रुपये 3,658 करोड़ (परियोजना प्रबंधक खर्चे सहित) के दावे प्राप्त हुए और उनकी समीक्षा की गई।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) 1 मई, 2016 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई थी। इस योजना के तहत, 5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन बीपीएल परिवारों की महिला सदस्य को प्रदान किए जाएंगे। इस योजना को अब 4 साल (2019–20 तक) की अवधि में 8 करोड़ बीपीएल परिवारों को कवर करने के लिए बढ़ा दिया गया है। काफी समय पहले सितम्बर 2019 में 8 करोड़ कनेक्शन का लक्ष्य हासिल कर लिया गया था। इस योजना के तहत, भारत सरकार गरीब घरेलू महिला लाभार्थियों को सुरक्षा जमा मुक्त कनेक्शन जारी करने के लिए तेल विपणन कंपनियों को 14.2 किलोग्राम सिलेंडर और 5 किलोग्राम सिलेंडर के लिए क्रमशः 1600 रुपये और 1150 रुपये प्रति कनेक्शन प्रतिपूर्ति करती है। पीपीएसी ने इस योजना के शुरूआत के बाद से, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए वित्त वर्ष 2020–21 तक 12,750 करोड़ रुपये (परियोजना प्रबंधक खर्च सहित) के कुल दावों को प्रस्तुत किया गया है।

5.3.2 प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत दावों का निपटान

कोरोना वायरस के खिलाफ लडाई के लिए गरीबों की मदद के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) (करीब 8 करोड़) के तहत लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेपी) के तहत 3 महीने की अवधि के लिए गैस सिलेण्डर निःशुल्क देने का फैसला किया। इन सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू में अप्रैल–जून 2020 की अवधि के लिए की गई थी।

इस योजना को उन लाभार्थियों के लिए 1 जुलाई 2020 से 30 जुलाई 2020 तक 3 महीने के लिए बढ़ा दिया गया था, जो पहले/दूसरे सिलेंडर खरीदने के लिए अग्रिम जमा कर चुके थे, लेकिन 30 जून 2020 तक मुक्त सिलेंडर नहीं खरीद पाए थे।

इस योजना को फिर से तीन महीने के लिए, यानि 31 दिसम्बर 2020 तक के लिए उन लाभार्थियों के लिए बढ़ा दिया गया था जिन्होंने अग्रिम तो जमा कर चुके थे लेकिन 30 सितम्बर 2020 तक इस योजना का लाभ नहीं उठा पाए।

वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान पीपीएसी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के लिए 8162 करोड़ रुपये के दावों को प्रस्तुत किया।

5.3.3 नार्थ ईस्ट गैस सब्सिडी दावों का निपटान

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में चयनित उद्योग/ग्राहकों के लिए प्राकृतिक गैस की बिक्री में सब्सिडी व्यवस्था हेतु "प्राकृतिक गैस सब्सिडी योजना" तैयार की गई है। इस योजना में भाग लेने वाली कंपनियां नामित गैस क्षेत्रों से उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर प्राकृतिक गैस बेचती हैं और भारत सरकार से सब्सिडी राशि का दावा करती हैं। वर्ष 2020–21 के लिए, पीपीएसी ने 336 करोड़ रुपये की राशि के दावे प्राप्त किये तथा उन दावों की समीक्षा की।

5.3.4. घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य अधिसूचना

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 25 अक्टूबर 2014 को पेट्रोलियन एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य के आवधिक संशोधन को सूचित करने के लिए महानिदेशक, पीपीएसी को अधिकृत किया। तदानुसार, अप्रैल 2020 से सितंबर, 2020 और अक्टूबर, 2020 से मार्च, 2021 तक घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य, पीपीएसी द्वारा अधिसूचित किया गया था।

5.3.5. गैस मूल्य की अधिकतम सीमा की अधिसूचना

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 21 मार्च, 2018 की अधिसूचना के द्वारा, वैकल्पिक ईंधन के पहुंच मूल्य के

आधार पर अधिकतम मूल्य के अधीन गहरे–पानी, अल्ट्रा गहरे पानी और उच्च दबाव–उच्च तापमान क्षेत्रों में खोजों से उत्पादित गैस के लिए मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता सहित विपणन स्वतंत्रता की अनुमति दी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने महानिदेशक, पीपीएसी को उक्त अधिसूचना के तहत गैस मूल्य की अधिकतम सीमा के आवधिक संशोधन को अधिसूचित करने के लिए अधिकृत किया। तदानुसार, अप्रैल, 2020 से सितंबर, 2020 और अक्टूबर, 2020 से मार्च, 2021 की अवधि के लिए गैस की कीमत की अधिकतम सीमा पीपीएसी द्वारा अधिसूचित की गई थी।

5.3.6 उत्पादन और आयात डेटा और खपत और निर्यात डेटा के योग के बीच अंतर का अध्ययन और उसका विश्लेषण :

उपर्युक्त विशय पर पीपीएसी द्वारा तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीएस), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और पीपीएसी के सदस्यों वाले कार्य समूह के साथ विद्युत कार्य किया और यह पाया गया कि सम्रग तेल उद्योग में आपूर्ति और खपत मात्रा के अंतर आपूर्ति खपत संतुलन (एससीबी) अब पिछले एक दशक के दौरान 20 से 25 एमएमटी के पहले अंतराल की तुलना में शून्य से 4 एमएमटी तक कम कर दिया गया है। पीपीएसी ने मार्च 2021 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय "आपूर्ति खपत संतुलन" पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

5.3.7 पीपीएसी द्वारा "सूचना प्रबंधन प्रणाली" लागू की गई जो कि अब 'आईएसओ27001:2013 प्रमाणित इकाई है :

उपरोक्त कार्यान्वयन के साथ, सूचना प्रणाली के संचालन और प्रबंधन के लिए नीतिगत संरचना तैयार की गई है। पीपीएसी ने आईटी अवसंरचना में कर्मियों का आकलन कर और उनका निवारण कर सूचना जोखिम और सुरक्षा प्रबंधन के लिए प्रक्रिया की स्थापना की है। आईएसएमएस ने सूचना प्रणाली के लिए सुरक्षित प्रक्रियाओं, रिपोर्टिंग की स्थापना और निगरानी तंत्र की स्थापना को सुरक्षित किया है।

5.3.8 एम और एचएसडी के लिए क्षेत्रीय मांग के लिए अध्ययन

उद्योग समन्वयक के रूप में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ पीपीएसी ने एम और एचएसडी के लिए क्षेत्रीय मांग को अपडेट करने के लिए एक अध्ययन आरंभ किया गया था। यह अध्ययन रिपोर्ट, एम और एचएसडी के लिए क्षेत्रीय मांग पर चौथा अपडेट डेटा को प्रस्तुत करेगा, जिससे ऊर्जा डेटा प्रबंधन उप समूह द्वारा पहचाने गए डेटा के अंतराल को कम करेगा।

5.3.9 ऊर्जा मांग प्रषेपण मॉडल (ईडीपीएम) का उन्नयन

ऊर्जा मांग प्रषेपण मॉडल (ईडीपीएम) पीपीएसी द्वारा मूल रूप से 2015 को आधार वर्ष लेते हुए विकसित किया गया। वर्ष 2021–22 में पीपीएसी ने 2020–2045 तक ऊर्जा डेटा अनुमानों और पीओएल खपत पर उद्योग विशेषज्ञों की सहायता से मॉडल को अपडेट किया। यह मॉडल नीति निर्माताओं और उद्योग हितधारकों द्वारा ऊर्जा परिदृश्य के भविष्य के दृष्टिकोण को समझने में मददगार है।

5.4. तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी)

तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी), तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन एक तकनीकी निदेशालय है, जिसे पेट्रोलियम उद्योग के लिए मानक बनाने तथा सुरक्षा ऑडिटों के माध्यम से इसके कार्यान्वयन की निगरानी रखने का दायित्व सौंपा गया है ताकि सुरक्षा स्तर बढ़ाए जा सकें और इस उद्योग में निहित जोखिमों को कम किया जा सके। ओआईएसडी मानकों में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र से संबंधित समस्त गतिविधियाँ अर्थात अन्वेषण व उत्पादन, शोधन, गैस प्रोसेसिंग, भंडारण, वितरण, पर्यावरण आदि निहित हैं जिन्हें तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा स्व–नियामक आधार पर कार्यान्वित किया जाता है। ओआईएसडी ने ऑडिटिंग, पीसीएसए, सम्मेलनों/कार्यशाला और राजस्व सृजन में पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए 2020–21 के दौरान रिकॉर्ड प्रदर्शन हासिल किया।

वर्ष 2020–21 के दौरान ओआईडीबी द्वारा ओआईएसडी को 22.88 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता जारी की गई। ओआईएसडी के अनुसार, वर्ष के दौरान ओआईएसडी द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां की गईः–

5.4.1. ओआईएसडी द्वारा सुरक्षा ऑडिट: वित्तीय वर्ष 2020–21

ओआईएसडी, तेल व गैस प्रतिष्ठानों की ओआईएसडी मानकों के मुताबिक जाँच करने के लिए आवधिक सुरक्षा ऑडिट करता है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, ओआईएसडी ने 8778 किमी पाइपलाइन के ऑडिट के अलावा तेल और गैस स्थापना के रिकॉर्ड 206 ऑडिट किए, जैसा कि नीचे दिया गया है:

गतिविधियां	मद	योजना	वास्तविक
सुरक्षा ऑडिट			
रिफाइनरी एवं गैस प्रसंस्करण संयंत्र	संख्या	17	22
मार्केटिंग इंस्टालेशन (पीओएल/एलपीजी)	संख्या	70	91
अन्वेषण एवं उत्पादन अपतटीय प्रतिष्ठान	संख्या	16	17
अन्वेषण एवं उत्पादन तटीवर्ती प्रतिष्ठान	संख्या	50	76
क्रॉस–कंट्री पाइपलाइनें	कि०मी०	8000	8778

इसके अलावा, एमओपीएसडब्ल्यू के अनुरोध पर, 02 प्रमुख बंदरगाहों का ऑडिट, पीओएल हैंडलिंग और भंडारण सुविधाएं– मुंबई पोर्ट ट्रस्ट और चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट भी किया गया।

5.4.2 प्री–कमीशनिंग सेफ्टी ऑडिट (पीसीएसए)

भारत में उत्पादित और परिवहन किए गए सभी हाइड्रोकार्बन के उत्पादन, शोधन, भंडारण और वितरण गतिविधि की सुरक्षित और समय पर शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए, ओआईएसडी तेल और गैस उद्योग में परियोजनाओं का पीसीएसए करता है। इन ऑडिटों का मुख्य उद्देश्य, ग्रास–रूट डेवलपमेंट तथा मौजूदा प्रतिष्ठानों पर एडिशनल फैसिलिटीज प्रोजेक्ट्स के निर्माण अवस्था में ही ओआईएसडी मानकों के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करना है।

वर्ष 2020–21 के दौरान उद्योग के सदस्यों के अनुरोध पर 80 ऑडिट इस तरह के किए गए, जो अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं।

गतिविधियां	मद	वास्तविक
पूर्व कमीशनिंग सुरक्षा ऑडिट (पीसीएसए)		
रिफाइनरी एवं गैस प्रसंस्करण संयंत्र	संख्या	19
मार्केटिंग इंस्टालेशन	संख्या	47
अन्वेषण एवं उत्पादन क्षेत्र (तटीय और अपतटीय प्रतिष्ठान)	संख्या	1
क्रॉस–कंट्री पाइपलाइनें	संख्या	13 (तय दूरी 239.6 किमी)

5.4.3 अपतटीय प्रतिष्ठानों के लिए "संचालन की सहमति"

ओआईएसडी, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस (अपतटीय संचालन में सुरक्षा) नियम, 2008 के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में अपतटीय फ़िक्स्ड और मोबाइल प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए सहमति देता है।

वर्ष 2020–21 के दौरान कुल 14 अपतटीय प्लेटफार्मों की और 05 अपतटीय रिगों के संचालन के लिए सहमति प्रदान की गई है।

5.4.4 सुरक्षा परिषद की बैठक

भारत में तेल व गैस उद्योग में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के सही कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन शीर्षस्थ सुरक्षा परिषद स्थापित की। परिषद की 37वीं बैठक 7 अगस्त, 2020 को आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान जिन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई और उन्हें मंजूरी दी गई, वे इस प्रकार हैं:

- 2019–20 में ओआईएसडी द्वारा की गई प्रमुख गतिविधियां और 2020–21 के लिए गतिविधि योजना।
- 02 से अधिक वर्षों से लंबित ओआईएसडी सुरक्षा ऑडिट अनुशंसाओं की अनुपालन स्थिति की समीक्षा।
- पहले से प्रकाशित ओआईएसडी मानकों का शुद्धिपत्र/अद्यतन जारी करना और मानक की पुनः पुष्टि।
- ईएंडपी समूह में सलाहकारों की नियुक्ति।
- तेल और गैस क्षेत्र के लिए पीसीएसए टैरिफ में संशोधन।
- ईएंडपी प्रतिष्ठानों में पीसीएसए की शुरुआत।
- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस (अपतटीय संचालन में सुरक्षा) नियम, 2008 के तहत अपतटीय प्रतिष्ठानों के लिए 'संचालन की सहमति' के अनुदान के लिए टैरिफ की शुरुआत।
- वित्तीय वर्ष 2019–20 में ओआईएसडी के वास्तविक व्यय की स्वीकृति और वित्त वर्ष 2020–21 के लिए बजट अनुमान।
- वित्त वर्ष 2020–21 के लिए ओआईएसडी के वार्षिक लेखा परीक्षित खातों को अपनाना।
- उद्योग क्षेत्र में हाल की प्रमुख ऑनसाइट घटनाओं का मूल कारण विश्लेषण।

श्री तरुण कपूर, सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, 37वीं सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए

5.4.5 संचालन समिति की बैठक

55वीं संचालन समिति की बैठक 28 जनवरी, 2021 को तेल और गैस उद्योग (प्रिंसिपल पैनलिस्ट) के प्रतिनिधियों के साथ हुई। बैठक के दौरान जिन प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

✓ 37वीं सुरक्षा परिषद की बैठक के प्रमुख निर्णय से अवगत कराना।

- ✓ चार संशोधित ओआईएसडी मानकों को अपनाना
- ✓ वर्ष 2020–21 के लिए ओआईएसडी के योजनाबद्ध ईएसए के सापेक्ष में किए गए ईएसए की समीक्षा और वर्ष 2021–22 के लिए योजना।
- ✓ दो साल से अधिक समय से लंबित ईएसए/एसएसए सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा।
- ✓ पिछले तीन वर्षों की घटना विश्लेषण और उद्योग क्षेत्र में कुछ घटनाओं के बारे में चर्चा।

श्री अरुण मित्तल, कार्यकारी निदेशक, ओआईएसडी की 55वीं संचालन समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए

5.4.6 सुरक्षा मानकों का विकास

ओआईएसडी सभी हितधारकों की सहभागिता के साथ तेल व गैस क्षेत्र के लिए मानक विकसित करता है। नए मानकों को विकसित करने की आवश्यकता का पता लगाने, प्रौद्योगिकीय विकासों के साथ–साथ मौजूद वर्तमान अनुभवों को शामिल करने के लिए मौजूदा मानकों का पुनरीक्षण करने के लिए ओआईएसडी मानकों की समय–समय पर समीक्षा की जाती है।

अब तक ओआईएसडी ने 121 तकनीकी सुरक्षा मानक विकसित किए हैं, जिनमें से 21 मानकों को पेट्रोलियम नियम, 2002, गैस सिलेंडर नियम, 2016, स्टेटिक एंड मोबाइल प्रेशर वेसल्स (अन फायर्ड) नियम, 2016 और ऑयल माइन्स विनियम, 2017 के सांविधिक प्रावधानों में भी शामिल किया गया है।

31.03.2021 तक, 30 मौजूदा मानक विभिन्न चरणों में संशोधन प्रक्रिया के अधीन हैं।

5.4.7 घटना जांच और विश्लेषण

ओआईएसडी तेल और गैस उद्योग में होने वाली प्रमुख ऑनसाइट घटनाओं की जांच करता है। पुनरावृत्ति से बचने के लिए इन घटनाओं का विश्लेषण उद्योग के साथ साझा किया जाता है। तेल और गैस उद्योग की घटनाओं का एक डेटा बैंक बनाकर रखा जाता है और रुझानों, सरोकार के क्षेत्रों और सुधारात्मक/निवारक कार्रवाई का मूल्यांकन करने के लिए विश्लेषण किया जाता है। इन्हें फिर सुरक्षा अलर्ट, केस स्टडी, परामर्शी नोट्स, कार्यशालाओं/सेमिनारों और "सुरक्षा चेतना" के माध्यम से उद्योग में प्रसारित किया जाता है। 2020–21 के दौरान ओआईएसडी द्वारा पांच बड़ी घटनाओं की जांच की गई।

5.4.8 तकनीकी संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशालाएं

नवीनतम तकनीकी विकास, ज्ञान साझा करने, घटना के अनुभव आदि पर चर्चा करने के लिए ओआईएसडी द्वारा

तेल और गैस उद्योग के लिए तकनीकी सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

वर्ष 2020–21 के दौरान ओआईएसडी ने रिकॉर्ड दस सेमिनार/कार्यशालाएं आयोजित की हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है:

1. 13–14 जुलाई 2020 को एमओ–पीओएल द्वारा पीओएल टर्मिनल/डिपो के एचपीसीएल अधिकारियों के लिए एचएसई जागरूकता बढ़ाने पर दो दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला जिसमें 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
2. 17 जुलाई 2020 को एलपीजी संयंत्रों के एचपीसीएल अधिकारियों के लिए प्रभावी ऑडिट के माध्यम से एचएसई बढ़ाने पर एक दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला। जिसमें 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
3. 14 अगस्त 2020 को एलपीजी संयंत्रों के आईओसीएल अधिकारियों के लिए प्रभावी ऑडिट के माध्यम से एचएसई को बढ़ाने पर एक दिवसीय आभासी कार्यशाला जिसमें 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
4. 01 सितंबर 2020 को एलपीजी संयंत्रों के बीपीसीएल अधिकारियों के लिए प्रभावी ऑडिट के माध्यम से एचएसई को बढ़ाने पर एक दिवसीय आभासी कार्यशाला जिसमें 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
5. एमओ–पीओएल द्वारा 4 सितंबर 2020 को पीओएल टर्मिनल/डिपो के आईओसीएल अधिकारियों के लिए एचएसई जागरूकता बढ़ाने पर एक दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 259 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
6. ओआईएसडी के प्रोसेस एंड इंजीनियरिंग ग्रुप द्वारा 23 अक्टूबर 2020 को बीपीसीएल रिफाइनरी अधिकारियों के लिए मजबूत सुरक्षा संस्कृति के माध्यम से सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाने पर एक दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला। संगोष्ठी में 50 प्रतिभागियों के साथ ईडी–बीपीसीएल, कोच्चि रिफाइनरी भी शामिल है।
7. 10 और 11 दिसंबर 2020 को ओआईएसडी के ईएंडपी अनुभाग द्वारा आयोजित ईएंडपी उद्योग में सर्वश्रेष्ठ एचएसई प्रथाओं पर दो दिवसीय आभासी कार्यशाला जिसमें 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
8. राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान 5 मार्च 2021 को ओआईएसडी के पाइपलाइन खंड द्वारा ऑन–शोर क्रॉस–कंट्री उत्पाद/कच्चे पाइपलाइनों के सुरक्षा पहलुओं पर एक दिवसीय आभासी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 111 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
9. राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान 9 मार्च 2021 को सभी ईएंडपी कंपनियों के लिए वीसी के माध्यम से आंतरिक सुरक्षा लेखा परीक्षा पर एक दिवसीय आभासी कार्यशाला आयोजित की गई थी। कार्यशाला में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।
10. 26 मार्च 2021 को एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति के माध्यम से सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी। संगोष्ठी का आयोजन ओआईएसडी, एचएमईएल और एचपीसीएल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। संगोष्ठी में 271 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

5.4.9 वित्तीय प्रदर्शन:

वित्त वर्ष 2020–21 में किया गया वास्तविक व्यय 2420 लाख रुपये है। वित्त वर्ष 2021–22 का बजट 2639 लाख रुपये है। वित्त वर्ष 2020–21 में, ओआईएसडी ने पूर्व–कमीशन सुरक्षा ऑडिट आयोजित करने और मानकों की बिक्री से 440 लाख रुपये की रिकॉर्ड आय अर्जित की।

5.4.10. ओआईएसडी में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह

ख	**आय एवं व्यय लेखे** **ख (1) अन्य प्रशासनिक खर्चे :– अशोध्य और संदिग्ध ऋणो। अग्रिमों के प्रावधान : रुपये शून्य** **तुलनपत्र** **निवेश – अन्य (अनुसूची 10) : रुपये 382621 लाख** घाटे में चल रही कंपनी मैसर्स बीको लॉरी लिमिटेड, को अक्टूबर 2015 में रूग्ण औद्योगिक कंपनी घोशित किया गया था और आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने भी फरवरी 2018 में इसे बंद करने पर अपनी सहमति दे दी थी। जैसाकि 31 मार्च, 2021 को मैसर्स बीएलएल द्वारा सूचित किया गया कि ऋणात्मक निवल मूल्य 115 करोड़ रुपये के साथ उन्हें 190.07 करोड़ का कुल संचित नुकसान हुआ है। अतः सीसीईए के निर्णय के अनुरुप मैसर्स बीको लॉरी लिमिटेड के इक्विटी निवेश में कमी नहीं करने के कारण, निवेश 5034 लाख रुपये अधिक हो गया। परिणाम स्वरुप "व्यय से अधिक आय" राशि उसी कथित राशि से अधिक है। पिछले वर्षों (2017–18, 2018–19 और 2019–20) में ओआईडीबी के वार्षिक खातों पर भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की गई की टिप्पणियों के बावजूद, बोर्ड ने बीएलएल के इक्विटी शेयरों के निवेश के मूल्य में कमी का प्रावधान नहीं किया।	ख.1 एवं ख.2 लेखा परीक्षा को सूचित किया गया था कि मैसर्स बीको लॉरी लिमिटेड (बीएलएल), द्वारा दिनांक 17.06.2015 के पत्र संख्या बीएलएल/एमडी/डीसीओ/2015–16/017 द्वारा सूचित किया गया है कि इस कंपनी को रुग्ण औद्योगिक कंपनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 की धारा 3 (1) (ओ) के सन्दर्भ में अक्टूबर 2015 में रुग्ण औद्योगिक कंपनी के रूप में घोषित कर दिया गया था और इसको ध्यान में रखते हुए, कंपनी की पूंजी में कमी की गई। चूंकि पिछले ऑडिट के बाद से स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, अतः बोर्ड ने बीएलएल के इक्विटी शेयरों में निवेश के मूल्य में कमी के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। इसके अलावा, लेखा परीक्षा को यह भी बताया गया है कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की 10.02.2018 को आयोजित अपनी बैठक में बीएलएल को बंद करने को मंजूरी दे दी है और

	ख(2) अन्य प्रशासनिक खर्चे :– अशोध्य और संदिग्ध ऋणों। अग्रिमों के प्रावधान : रुपये शून्य तुलनपत्र चालू परिसम्पत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि (अनुसूची–11) : रुपये 808530 लाख बीएलएल की खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए, किसी प्रकार की उचित निश्चितता नहीं थी कि उपरोक्त ऋण राशि की वसूली हो जाएगी।	बीएलएल के प्रशासनिक मंत्रालय जो कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय है, ने सीसीईए के फैसले को बीएलएल की पत्रसंख्या पी 25011/103/2018–एलपीजी (VOL.II) दिनांक 16.10.2018 के माध्यम से रुग्ण औद्योगिक कंपनी के लिए समयबद्ध समापन पर दिनांक 14.06.2018 को डीपीई दिशानिर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। इस मुद्दे पर अंतिम दृष्टिकोण, जिसमें ओआईडीबी द्वारा वसूली योग्य राशि शामिल है, अभी तक सामने नहीं आया है। ओआईडीबी के पत्र दिनांक 7.10.2019 के माध्यम से लेखा परीक्षा को स्थिति के बारे में सूचित कर दिया था। इसलिए इस स्तर पर बीएलएल के कारण ओआईडीबी को हुआ कुल नुकसान अभी अनिश्चित है।
(i)	मैसर्स बीको लॉरी लिमिटेड को किश्तों में भुगतान के लिए दिए गए 1200 लाख रुपये का ब्रिज लोन वापस नहीं आना था।	दिनांक 19.03.2020 को हुई 100वीं बोर्ड की बैठक में, उक्त ऑडिट की टिप्पणियों के बारे में ओआईडीबी बोर्ड को अवगत करवाया था। बोर्ड ने निर्देश दिया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को अवगत कराया जाए कि बीएलएल की चल/अचल संपत्तियों की बिक्री के बाद ही कंपनी को अंतिम रूप से बंद करने के पश्चात् आवश्यक प्रावधान किया जाएगा। बोर्ड को यह सूचित किया गया था कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को पहले ही इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। कार्यवृत्त की प्रति अनुलग्नक–II में पुनः संलग्न है।
(ii)	वर्ष 2018–19 तथा 2019–20 के दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना, मौजूदा कर्मचारियों की लागत, कर्मचारियों के बकाया वेतन, बैंकों से प्राप्त ऋण और आकस्मिक देनदारियों पर अपेक्षित खर्च को पूरा करने के लिए मैसर्स बीको लॉरी लिमिटेड (बीएलएल) को दिए गए 8665.00 लाख रुपये के ऋण दिया गया था। उपरोक्त अनिश्चित/संदिग्ध ऋण वसूली का प्रावधान न होने के कारण 'चालू परिसंम्पित्तियों, ऋणों तथा अग्रिमों आदि' और 'आय की व्यय से अधिकता" भी 9865.00 लाख रुपये है। पिछले वर्षों (2017–18, 2018–19 और 2019–20) में ओआईडीबी के वार्षिक खातों पर भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की गई की टिप्पणियों के बावजूद, बोर्ड ने बीएलएल को दिए गए ऋण के लिए कोई प्रावधान नहीं किया।	इसके अलावा, इस संबंध में वार्षिक लेखा 2019–20 की अनुसूची 25 : लेखों पर टिप्पणियों में उचित प्रकटन कर दिया गया है।
	तुलनपत्र अन्य प्रशासनिक खर्चे: रुपये 1095 लाख मूल्यह्रास : रुपये 704 लाख	
ख(3)	अचल संम्पत्ति (निवल) : भवन (पट्टे पर भूमि) : रुपये 3991 लाख 2006–07 के दौरान 47 लाख रुपये की राशि को "भूमि–लीजहोल्ड नोएडा भूमि" शीर्ष के तहत गलत तरीके से पूंजीकृत कर दिया गया था, जिसमें 21 लाख रुपये का अग्रिम लीज किराया शामिल था। पिछले वर्ष के ऑडिट के दौरान उठाई गई आपत्ति के परिणामस्वरूप इसे चालू वर्ष (यानि 2020–21) के दौरान ,भूमि पूंजीकरण से हटा दिया है। हालांकि, यह देखा गया है कि आय	यह लेनदेन वित्तीय वर्ष 2006–2007 से संबंधित हैं। जबकि प्लॉट नं. 02, सेक्टर–73 पर निर्मित ओआईडीबी भवन को वित्तीय वर्ष 2011–12 में पूंजीकृत किया गया था। स्थापित लेखा पद्धति के अनुसार, पूंजीकरण से पहले के सभी खर्चों को पूंजीकृत किया जाना चाहिए।

	और व्यय खाते में 21 लाख रुपये (अर्थात अग्रिम लीज किराया) वसूलने और 26 लाख रुपये को 'पट्टे की भूमि पर बिल्डिंग' में पूंजीकृत करने के बजाय, ओआईडीबी ने 47 लाख रुपये की पूरी राशि को 'पट्टे की भूमि पर बिल्डिंग' में पूंजीकृत कर दिया है। इसके अलावा, अग्रिम पट्टा किराए की पूंजीकृत राशि में से मूल्यह्रास के रूप में 2.10 लाख रुपये की राशि वसूल की गई है। इसके परिणामस्वरूप 'पट्टे की भूमि पर भवन' 21 लाख अधिक, 'मूल्यह्रास' 2.10 लाख अधिक, 'अन्य प्रशासनिक व्यय' को 21 लाख रुपये कम बताया गया है और परिणामस्वरूप 'व्यय से अधिक आय' 18.90 लाख हो गई है।	चूंकि, ऊपर उल्लिखित नोएडा भूमि से संबंधित सही लेखांकन प्रक्रिया, में मूल्यह्रास/परिशोधन अधिक नहीं बताया गया।
ग	अनुदान सहायता वर्ष 2020–21 के दौरान तेल उद्योग विकास बोर्ड को सरकार या सरकारी संस्थाओं से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई।	वास्तविक स्थिति।

अनुलग्नक
(संदर्भ अनुच्छेद 4 (v) के संदर्भ में)

क्र. सं.	टिप्पणियां	प्रत्युतर
1.	**आंतरिक लेखा परीक्षा की पर्याप्तता** ओआईडीबी ने समीक्षाधीन वर्ष के लिए मैसर्स सुशील गुप्ता एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को आंतरिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया था। उनके कार्यों में वार्षिक खातों की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की समीक्षा, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में सहायता और कर सलाहकार सेवाएं शामिल थी। आगे यह सूचित किया जाता है कि मैसर्स पी.के. ढींगरा और कम्पनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को नया अनुबंध दिया गया है। और ओआईडीबी द्वारा किए गए अनुबंधों के लेखा परीक्षण से संबंधित कार्यों को इसमें विशेष रूप से शामिल किया गया है।	जैसाकि सूचित किया गया है कि नया अनुबंध मैसर्स वी.के. ढींगरा एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को दिया गया है और उसमें ओआईडीबी द्वारा किए गए अनुबंधों के ऑडिट से संबंधित कार्य को विशेष रूप से शामिल किया गया है।
2.	**आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता** ओआईडीबी द्वारा अपने अनुदानग्राही संस्थानों को जारी अनुदान का बड़ा हिस्सा उनके वेतन, भत्तों और अन्य नियमित प्रशासनिक खर्चों को पूरा करने के लिए प्रदान किया जाता है। अनुदान के उचित उपयोग की निगरानी के लिए अनुदानग्राही संस्थानों को ओआईडीबी द्वारा तैयार किए गए निर्धारित प्रोफार्मा, में अपनी मासिक मांग प्रस्तुत करनी होती है, जिसमें शीर्ष–वार अनुमोदित बजट और पिछले महीने तक किए गए व्यय और चालू माह की मांग का विवरण शामिल है। सभी प्रस्ताव निर्धारित प्रोफार्मा में प्राप्त होते हैं और अनुदान जारी करने से पहले अनुमोदित शीर्ष–वार बजट के अनुसार जांच की जाती है। इन विवरणों की संवीक्षा से ओआईडीबी यह सुनिश्चित करती है कि न तो व्यय बजट अनुदान से अधिक हो और न ही निधियों की निष्क्रियता रहे क्योंकि अनुदान पिछले महीने तक जारी/उपयोग किए गए अनुदानों के उपयोग पर निर्भर करता है। वित्तीय वर्ष के अंत में खातों के लेखापरीक्षित विवरणों के साथ निर्धारित जीएफआर प्रारूप में उपयोगिता प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए जाते हैं। बोर्ड को विभिन्न बैठकों में अनुदानों के उपयोग की स्थिति के बारे में अवगत कराया जाता है। इसके अलावा, सभी अनुदान प्राप्त संगठनों के बजट अनुमानों को ओआईडी बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है और उसके बाद केंद्र सरकार की मंजूरी होती है। हालांकि, अनुदानग्राही संगठनों के पास बची शेष निधियों को ध्यान में रखते हुए अनुदान के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए ओआईडीबी ने उपयोग के तरीके की निगरानी के लिए कोई प्रभावी तंत्र विकसित नहीं किया है।	जैसाकि पैरा में ही उल्लेख किया गया है कि अनुदान प्राप्त करने वाली संस्थाओं को अनुदान जारी करते समय आव यक जांच सुनिश्चित की जाती है अर्थात् अनुदानीग्राही संस्थाओं को ओआईडीबी द्वारा तैयार किए गए निर्धारित प्रोफार्मा में अपनी मासिक मांग प्रस्तुत करनी होती है, जिसमें शीर्ष–वार अनुमोदित बजट और किए गए का व्यय पिछले महीने तक का व्यय और चालू महीने की मांग का विवरण शामिल है। सभी प्रस्ताव निर्धारित प्रोफार्मा में प्राप्त होते हैं और अनुदान जारी करने से पहले अनुमोदित शीर्ष–वार बजट के अनुसार जांच की जाती है। इन विवरणों की संवीक्षा से ओआईडीबी यह सुनिश्चित करती है कि न तो व्यय बजट अनुदान से अधिक हो और न ही निधियों की निष्क्रियता है क्योंकि अनुदान पिछले महीने तक जारी/उपयोग किए गए अनुदानों के उपयोग पर निर्भर करता है। वित्तीय वर्ष के अंत में खातों के लेखापरीक्षित विवरणों के साथ निर्धारित प्रारूप में उपयोगिता प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए जाते हैं। बोर्ड को अपनी सभी बैठकों में अनुदानों के उपयोग की स्थिति के बारे में अवगत कराया जाता है। इसके अलावा, सभी अनुदान प्राप्त संगठनों के बजट अनुमानों को ओआई बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है और उसके बाद केंद्र सरकार की मंजूरी होती है। उपरोक्त के अलावा, इन संगठनों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को ओआईडीबी की वार्षिक रिपोर्ट में घटनाओं की तस्वीरों के साथ शामिल किया जाता है। इन संगठनों की प्रगति की समीक्षा उनकी संबंधित प्रशासनिक परिषद/शासी निकाय/सुरक्षा परिषद आदि द्वारा भी नियमित रूप से की जा रही है।
3.	**अचल संपत्तियों के वास्तविक सत्यापन की प्रणाली** सीएजी की लेखापरीक्षा टिप्पणियों के अनुसार जीएफआर प्रारूप–22 के अनुसार परिसंपत्ति रजिस्टर को उचित तरीके से बनाए रखने के लिए, संपत्ति के वास्तविक सत्यापन और जीएफआर में परिभाषित निर्धारित प्रारूप में अचल संपत्ति रजिस्टर तैयार करने से संबंधित कार्य मैसर्स दीपक भार्गव एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को सौंपा गया था। वित्तीय वर्ष तक संपदा रजिस्टर 2020–21 को निर्धारित प्रारूप में तैयार किया गया है और संपत्ति का वास्तविक सत्यापन भी किया गया है।	वास्तविक स्थिति।
4.	**सांविधिक देयताओं के भुगतान में नियमितता** समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सभी करों और सांविधिक देय राशियों का भुगतान समय पर कर दिया गया है।	वास्तविक स्थिति।

अध्याय-09

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड (आईएसपीआरएल) वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखे

तेउविबो OIDB
तेल उद्योग विकास बोर्ड

निदेशक मंडल

श्री तरुण कपूर	अध्यक्ष	(15.05.2020 से)
श्री राजेश अग्रवाल	निदेशक	(01.01.2020 से)
श्री निरंजन कुमार सिंह	निदेशक	(01.01.2020 से)
श्री बी.एन. रेड्डी	निदेशक	(09.04.2019 से)
श्री एच.पी.एस. आहुजा	मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक	(02.06.2017 से)
सुश्री इंद्राणी कौशल	निदेशक	(01.08.2019 से)

मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक
श्री एच.पी.एस. आहुजा

कंपनी सचिव
श्री अरुण तलवार

सांविधिक लेखा परीक्षक
मैसर्स गोयल एडं गोयल
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

बैंकर्स
यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया
एम–41, कनॉट सर्कस,
नई दिल्ली–110 001

पंजीकृत कार्यालय
301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, तृतीय तल, बाबर रोड,
नई दिल्ली–110 001
फोन : 011–23412278

प्रशासनिक कार्यालय
ओ.आई.डी.बी. भवन, तीसरी मंजिल, प्लॉट न. 2, सैक्टर – 73, नोएडा–201301, उ.प्र.
फोन न. : 91–120–2594661, फैक्स न. : 91–120–2594643
वेबसाईट : www.isprlindia.com
ई–मेल : isprl@isprlindia.com

विशाखापट्टनम् परियोजना कार्यालय
लोवागार्डन, एचएसएल फैब्रिकेशन यार्ड के पीछे,
गाँधीग्राम पोस्ट, विशाखापट्टनम्–530 005

मंगलौर परियोजना कार्यालय
चन्द्राहास नगर, कलावर पोस्ट, वाया बाजपे
मंगलूरू–574142

पादुर परियोजना कार्यालय
पीओ : पादुर, वाया कापू, जनपद उडुपी–574 106, कर्नाटक

निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में,

शेयरधारकगण,

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल लेखा परीक्षित का लेखा विवरण और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी के कार्यकरण के संबंध में 17वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहा है।

वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए आपकी कंपनी के वित्तीय परिणामों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :

(₹ लाख में)

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2021	31 मार्च, 2020
1	सकल अचल परिसंपत्तियां (मूर्त एवं अमूर्त)	373685.45	374309.26
	घटाएं : संचित मूल्यह्रास	38575.39	28692.11
	निवल अचल परिसंपत्तियां	**335110.06**	**345617.15**
2	कुल गैर वर्तमान परिसंपत्तियां	10616.68	694.15
3	कुल वर्तमान परिसंपत्तियां	20559.96	78322.44
	कुल परिसंपत्तियां	**366286.70**	**424633.74**
4	संचित हानियों सहित कुल इक्विटी	334051.81	344103.18
5	कुल गैर वर्तमान देयताएं	562.12	870.14
6	कुल वर्तमान देयताएं	31672.77	79660.42
	कुल देयताएं	**366286.70**	**424633.74**
	लाभ और हानि खाते की मदें		
1	पूर्व अवधि समायोजन, यदि कोई हो, सहित कुल आय	599.01	464.22
2	मूल्यह्रास सहित कुल व्यय	10650.38	10624.11
	अवधि के लिए शुद्ध हानि (1) – (2)	**-10051.37**	**-10159.89**
	चरण II (प्राप्तियां और व्यय)		
1	चरण II परियोजना के लिए वर्ष के दौरान प्राप्त कुल अनुदान (शुद्ध आधार पर) भूमि के लिए अग्रिम सहित	10051.30	635.00
2	चरण II के तहत वर्ष के दौरान किया गया कुल व्यय देय के प्रावधानों सहित	10586.53	89.68

कार्य–निष्पादन समीक्षा

ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार ने एक विशेष प्रयोजन विहिकल (एसपीवी) के माध्यम से 5.33 एमएमटी के स्ट्रेटेजिक क्रूड ऑयल के भंडार का निर्माण करने का निर्णय लिया था। एसपीवी इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) शुरू में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक सहायक कंपनी थी, जो 09.05.2006 को तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई।



भूगिगत स्ट्रेटेजिक कैवर्न का दृश्य

कैवर्न क्षेत्र में जमीन के ऊपर की सुविधाओं का दृश्य

आईएसपीआरएल चरण – I

स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स (एसपीआर) कार्यक्रम के चरण–I के तहत, सरकार ने आईएसपीआरएल के माध्यम से तीन स्थानों पर 5.33 एमएमटी की कुल क्षमता के साथ एसपीआर सुविधाओं का निर्माण किया है। विशाखापत्तनम (1.33 एमएमटी), मैंगलोर (1.5 एमएमटी) और पादुर (2.5 एमएमटी)। एसपीआर के पहले चरण का कुल भंडार वर्तमान में भारत की कच्चे तेल की आवश्यकता के लगभग 9.5 दिनों की आपूर्ति करने का अनुमान है।

तीनों कैवर्नों अर्थात विशाखापत्तनम, मैंगलोर एवं पादुर क्रमशः जून 2015, अक्टूबर 2016 और दिसंबर 2018 में चालू की गई हैं। इन तीनों सुविधाओं को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 10 फरवरी 2019 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

आईएसपीआरएल क्रूड पहली बार अगस्त 2019 में आईएसपीआरएल मैंगलोर कैवर्न से मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) के लिए जारी किया गया था। इसके बाद अक्टूबर 2019 में पादुर सुविधा से भी एमआरपीएल को कच्चा तेल जारी किया गया था।

कोविड–19 महामारी जिसने दुनिया को जकड़ लिया, और वैश्विक स्तर पर लॉकडाउन ने प्रभावित किया, दुनिया भर में कच्चे तेल की मांग को प्रभावित किया और भारत कोई अपवाद नहीं था। पेट्रोलियम उत्पादों की मांग में भारी कमी के परिणामस्वरूप, रिफाइनरियों ने न्यूनतम क्षमता पर काम किया। इसके साथ कच्चे तेल की आपूर्ति में वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप मांग आपूर्ति असंतुलन हुआ जिससे दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई। मौजूदा कम कच्चे तेल की कीमतों का लाभ उठाने के लिए, भारत सरकार ने स्ट्रेटेजिक रिजर्व्स को प्राथमिकता के आधार पर भरने का निर्णय लिया।

पादुर साईट पर सचिव, एमओपीएनजी

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का लाभ उठाने के लिए, भारत सरकार ने वर्ष 2020–21 के दौरान चरण –I में एसपीआर भरने के लिए 3,000 करोड़ रुपये आवंटित किए।

एमओपीएनजी ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीएस), बीपीसीएल, आईओसीएल, एचपीसीएल और एमआरपीएल को एसपीआर में क्रूड भरने की सलाह दी। मैंगलोर और पादुर के लिए लगभग 16.37 मिलियन बैरल और विशाखापत्तनम के लिए 0.34 मिलियन बैरल कच्चा तेल, इस प्रकार एसपीआर को भरने के लिए कुल 16.71 मिलियन बैरल की खरीद की गई थी। सभी तीन स्थानों पर रणनीतिक भंडार अप्रैल और मई'2020 के दौरान पूरी तरह से और अक्टूबर 2020 में एक छोटी मात्रा में भरा गया था ।

जनवरी 2020 में वर्ष की शुरुआत में प्रचलित US$60 प्रति बैरल की तुलना में खरीद की औसत लागत 19$/बैरल थी। इसके परिणामस्वरूप भारत सरकार को 5069 करोड़ रुपये (US$685.11 मिलियन) राशि की पर्याप्त बचत हुई।

विशाखापत्तनम साईट पर कोविड टीकाकरण अभियान का दृश्य।

पादुर साईट पर सचिव, एनओपीएनजी को जानकारी देते हुए।

एडनोक के साथ समझौता

10 फरवरी 2018 को एडनोक और आईएसपीआरएल के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें एडनोक को मैंगलोर में एक कंपार्टमेंट का उपयोग करने की अनुमति दी गई। समझौते के अनुसार, एडनोक ने आईएसपीआरएल के मैंगलोर कैवर्न में 5.8 मिलियन बैरल कच्चा तेल भंडारित किया। एडनोक इस तेल के एक हिस्से का भारत में अपने ग्राहकों को वाणिज्यिक आपूर्ति के रूप में उपयोग कर सकता है, जबकि शेष प्राकृतिक आपदा या भू–राजनीतिक कारकों के कारण आपूर्ति में व्यवधान जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए जारी किए जाने वाले सामरिक भंडारण के रूप में रहेगा। मैंगलोर सुविधा में प्रत्येक 0.75 एमएमटी के दो कंपार्टमेंट है। इनमें से एक कंपार्टमेंट अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) को दिया गया है।

आईएसपीआरएल के मौजूदा सामरिक पेट्रोलियम भंडार की वाणिज्यिक व्यवहार्यता को बढ़ाने के लिए, भारत सरकार ने अक्टूबर 2020 में 'एडनोक मॉडल' के संशोधन को मंजूरी दी, जिसमें एडनोक को 50:50 के आधार पर यानी 50% सामारिक और 50% वाणिज्यिक, वर्तमान में लागू 65:35 के बदले, पेशकश की जा सकती है।

आईएसपीआरएल सुविधाओं का वाणिज्यिक उपयोग

एडनोक के अनुरोध पर, आईएसपीआरएल ने पहली वाणिज्यिक खेप को सफलतापूर्वक आईएसपीआरएल और एडनोक के बीच समझौते की शर्तों के अनुसार 11–13 दिसंबर 2019 को एचपीसीएल, वाईजैग को दास ग्रेड कच्चे तेल का लगभग 8,68,000 बैरल लोड किया। इसके बाद एडनोक ने एसपीआर से एमआरपीएल और बीपीसीएल को कच्चे माल की बिक्री की और अनुबंध की शर्तों के अनुसार इसकी भरपाई की।

आईएसपीआरएल चरण – II

27 जून 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो स्थानों ओडिशा के चंडीखोल (4 एमएमटी) और पादुर (2.5 एमएमटी) कर्नाटक में 6.5 एमएमटी के दो एसपीआर समर्पित एसपीएम सहित पेट्रोलियम भंडार स्थापित करने के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी। जिसे भारत सरकार के बजटीय समर्थन को कम करने के लिए पीपीपी मॉडल के तहत परियोजना को 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी गई है।

दूसरे चरण में परिकल्पित 6.5 एमएमटी भंडारण के पूरा होने पर, कच्चे तेल की आवश्यकता के 12 दिनों के लिए अतिरिक्त भंडारण क्षमता का सृजन किया जाएगा। इस प्रकार, कुल कवर लगभग 21 दिनों का होगा।

100वीं पीपीपीएसी बैठक 15 मार्च 2021 को सचिव, डीईए की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अनुदान मार्ग के साथ आगे बढ़ने के लिए कैबिनेट की मंजूरी लेने के लिए परियोजना के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया गया है।

पादुर में एसपीएम के लिए समुद्री सर्वेक्षण किया गया है। एनईई आर आई ने दूसरे चरण–II के लिए ईआईए किया है।

लाभांश

आपका निदेशक मंडल 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए किसी लाभांश की सिफारिश नहीं करता है।

आरक्षित को अंतरण

वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान हुए घाटे को 31 मार्च, 20221 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी के रिजर्व्स में अंतरित कर दिया गया है।

सार्वजनिक जमा

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, आपकी कंपनी ने आम जनता से कोई सावधि जमा आमंत्रित, स्वीकृत या नवीनीकृत नहीं किया है और तदनुसार उसके संबंध में कोई मूलधन या ब्याज बकाया नहीं है।

लेखा परीक्षा समिति

बोर्ड ने लेखा–परीक्षा समिति का गठन किया है। 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, लेखा परीक्षा समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे :

(i) श्री राजेश अग्रवाल
अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय / निदेशक, आईएसपीआरएल : अध्यक्ष

(ii) श्री एच. पी. एस. आहुजा
मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल : सदस्य

प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या दर्शाते हुए वित्त वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या और तिथियां **अनुलग्नक–क** में दी गई हैं।

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

निदेशक मंडल ने नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) का गठन किया है। 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, एनआरसी में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे :

(i) श्री बी. एन. रेड्डी : अध्यक्ष
संयुक्त सचिव (स्वतंत्र प्रभार), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय / निदेशक, आईएसपीआरएल

(ii) श्री एच. पी. एस. आहुजा : सदस्य
मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल

प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या दर्शाते हुए वित्त वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या और तिथियां **अनुलग्नक–क** में दी गई हैं।

कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) समिति

कंपनी की एक सीएसआर नीति है जो कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कंपनी ने वर्ष के दौरान सीएसआर की गतिविधियों पर कोई पैसा खर्च नहीं किया है क्योंकि कंपनी ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कोई लाभ नहीं कमाया है।

तेल उद्योग विकास बोर्ड
तेउविबो OIDB

सीएसआर समिति में 31 मार्च 2021 को निम्नलिखित निदेशक शामिल थे।

(i) श्री बी. एन. रेड्डी : अध्यक्ष
संयुक्त सचिव (स्वतंत्र प्रभार), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय / निदेशक, आईएसपीआरएल

(ii) श्री एच. पी. एस. आहुजा : सदस्य
मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल

प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या दर्शाते हुए वित्त वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या और तिथियां **अनुलग्नक–क** में दी गई हैं।

वार्षिक रिटर्न

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 और कंपनी नियम (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार, वार्षिक रिटर्न कंपनी की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: https://isprlindia.com/annual-report-asp.

बोर्ड की बैठकें

वित्त वर्ष 2020–21 में कंपनी के निदेशक मंडल की पांच बैठकें हुईं जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

1) 26 जून, 2020

2) 18 अगस्त, 2020

3) 5 नवंबर, 2020

4) 29 जनवरी, 2021

5) 15 मार्च, 2021

प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या दर्शाते हुए वित्त वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या और तिथियां **अनुलग्नक–क** में दी गई हैं।

व्यवसाय के स्वरूप में परिवर्तन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान व्यवसाय की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

हालांकि, जुलाई 2021 में कैबिनेट सचिवालय, भारत सरकार ने आईएसपीआरएल को एसपीआर कार्यक्रम के चरण–I के तहत कैवर्न में संग्रहीत कच्चे तेल के साथ निम्नलिखित व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति दी है।

1. कैवर्न की कुल तेल भंडारण क्षमता का 30% भारतीय या विदेशी कंपनियों को इस शर्त के साथ पट्टे पर देना / किराए पर देना कि किसी भी अत्यावश्यकता की स्थिति में, कैवर्न में संग्रहीत पूरे कच्चे तेल पर भारत सरकार का पहला अधिकार होगा।

2. भारतीय कंपनियों को आईएसपीआरएल कैवर्न में भंडारित कुल कच्चे तेल की मात्रा का 20% तक की बिक्री/खरीद करना।

कर्मचारियों का विवरण

कंपनी में ऐसा कोई भी कर्मचारी नहीं है, जिसके संबंध में कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत विवरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान कंपनी के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।

जोखिम प्रबंधन

कंपनी की निरंतर सफलता के लिए प्रभावी जोखिम प्रबंधन महत्वपूर्ण है। कंपनी के प्रचालनों से जुड़े जोखिम की पहचान करने और जोखिमों को कम करने के लिए उपयुक्त सुधारात्मक कदम उठाने के लिए कंपनी के पास जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी से जुड़े प्रमुख जोखिम कच्चे तेल की प्राप्ति और भंडारण एवं वितरण से संबंधित हैं। मानक प्रचालन प्रक्रियाएं और पर्याप्त बीमा कवर अपनाकर इन जोखिमों को कम किया जाता है।

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पूर्णकालिक प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक निम्नलिखित थे :

(क)	मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक	–	श्री एच. पी. एस. आहुजा
(ख)	मुख्य वित्त अधिकारी	–	श्री गोपेश्वर कुमार सिंह (05.11.2020 से प्रभावी)
(ग)	मुख्य वित्त अधिकारी	–	श्री गौतम सेन (16.10.2020 तक)
(घ)	कंपनी सचिव	–	श्री अरुण तलवार

पारिश्रमिक

आईएसपीआरएल के बोर्ड के सभी निदेशक पदेन निदेशक हैं जो पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा नामित किए जाते हैं। मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक की नियुक्ति आईएसपीआरएल बोर्ड द्वारा की जाती है पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा नामित पदेन निदेशक को किसी पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है। कंपनी के अन्य अधिकारी तेल क्षेत्र के पीएसयू से प्रतिनियुक्ति पर हैं। मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक जो ओएनजीसी से प्रतिनियुक्ति पर आए थे, 31 अक्टूबर, 2020 को ओएनजीसी से सेवानिवृत्त हो गए एवं बोर्ड द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक के रूप में आईएसपीआरएल के साथ बने रहे। मु.का.अ. एवं प्र.नि. को भुगतान किया गया पारिश्रमिक आईएसपीआरएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित है।

तेल उद्योग विकास बोर्ड
तेउविबो OIDB

भौतिक परिवर्तन तथा प्रतिबद्धताएं

कंपनी के वित्त वर्ष जिससे तुलन पत्र संबंधित है, के समापन और रिपोर्ट की तारीख के बाद कोई भी भौतिक परिवर्तन नहीं हुआ है।

नियामकों या न्यायालयों या अधिकरणों द्वारा पारित किए गए महत्वपूर्ण एवं सामाग्री आदेशों का विवरण जिनसे भविष्य में सतत प्रतिष्ठान स्तर और कंपनी के प्रचालन प्रभावित होंगे

नियामकों या न्यायालयों या अधिकरणों द्वारा ऐसा कोई महत्वपूर्ण एवं भौतिक आदेश पारित नहीं किया गया जिनसे भविष्य में सतत प्रतिष्ठान स्तर और कंपनी के प्रचालन प्रभावित होंगे।

सहायक / संयुक्त उद्यम / सहयोगी कंपनियां

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत कंपनी के पास कोई सहायक / संयुक्त उद्यम / सहयोगी कंपनी नहीं है।

लागत लेखा–परीक्षा

अधिनियम की धारा 148 के संदर्भ में, कंपनी को किसी लागत लेखाकार से लागत के अपने रिकॉर्डों की लेखा–परीक्षा कराने की आवश्यकता नहीं है।

लेखा परीक्षक

वैधानिक लेखा परीक्षा :

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी एडं ए जी) ने मैसर्स गोयल एंड गोयल (डीई0577), नई दिल्ली को कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया है, जिन्होंने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी के लेखा पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है **(अनुलग्नक–ख)**। लेखापरीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट के अनुलग्नक – ख (ii) में शेयरधारकों को अपनी रिपोर्ट में बताया कि कंपनी द्वारा रखे गये कच्चे तेल की मात्रा का मूल्यांकन करने के लिए स्वतंत्र तकनीकी मूल्यांकन की आवश्यकता है। इस पर प्रबंधन का उत्तर **अनुलग्नक–ग** के रूप में संलग्न है।

वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2021 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ए) के तहत सी एंड एजी द्वारा पूरक लेखा परीक्षा आयोजित की गई। वित्तीय विवरणों पर सीएंडएजी के कोई महत्वपूर्ण अवलोकन नहीं हैं **(अनुलग्नक–घ)**।

सचिवालयीन लेखा–परीक्षा :

वर्ष के दौरान, कंपनी के बोर्ड ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत सचिवीय लेखा परीक्षा के लिए मैसर्स पीजी एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, 106, महागुन मॉर्फियस, ई–4, सेक्टर –50, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश को कंपनी के सचिवीय लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया था। वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा दी गई रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है **(अनुलग्नक–ग)**। शेयरधारकों को लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में कोई योग्यता नहीं है।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेश, अनुसंधान और विकास तथा निर्यात और विदेशी मुद्रा अर्जन तथा व्यय

कंपनी ने विशाखापट्टनम, मैंगलोर और पादुर कैवर्न को चालू कर दिया है। ऊर्जा संरक्षण एवं प्रौद्योगिकी समावेश के संबंध में प्रकाशित करने के लिए कंपनी के पास कोई सूचना नहीं है।

कंपनी को वर्ष के दौरान कोई विदेशी मुद्रा अर्जित नहीं हुई है। हालांकि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान इसने अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए कुल ₹ 9.36 करोड़ की विदेशी मुद्रा का उपयोग किया है।

आंतरिक नियंत्रण

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किए हैं।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम

कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत आंतरिक शिकायत समिति के गठन से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन किया है। कंपनी के पास कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों की शिकायत करने के लिए कर्मचारियों के लिए एक ढ़ाचा है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी को उक्त अधिनियम के तहत कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

बोर्ड का मूल्यांकन

आईएसपीआरएल के बोर्ड द्वारा अनुमोदित बोर्ड प्रदर्शन मूल्यांकन नीति के अनुसार बोर्ड, इसकी समितियों और व्यक्तिगत निदेशकों के प्रदर्शन का औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन किया गया है।

लेखा परीक्षकों द्वारा धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(12) के तहत लेखा परीक्षकों द्वारा धोखाधड़ी की कोई घटना सूचित नहीं की गई है।

धारा 186 के तहत ऋणों, गारंटियों या निवेशों का विवरण

कंपनी ने ACCT-LGSTO–260, मैंगलोर के पक्ष में केवल पचास हजार रुपये की बैंक गारंटी दी है।

संबंधित पक्ष कारोबार

सभी संबंधित पक्ष कारोबार ओआईडीबी द्वारा इक्विटी पूंजी भागीदारी और मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक आईएसपीआरएल, मु.वि.अ., आईएसपीआरएल और कंपनी सचिव, आईएसपीआरएल को पारिश्रमिक के भुगतान तक ही सीमित थे। संबंधित पक्षों के साथ ये संव्यवहार व्यापार के समान्य सचालन के दौरान किए गए आर्मस लैंथ (Arm's Length) के आधार पर हैं एवं सामग्री के आधार पर नहीं है।

सचिवालयी मानकों के प्रावधानों का अनुपालन

इस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीस ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित सचिवालयी मानकों का कम्पनी द्वारा पूर्णतया पालन किया जाता है।

कोविड –19 महामारी

कोविड–19 महामारी तेजी से एक वैश्विक संकट के रूप में विकसित हुई, जिससे केंद्र सरकार को मार्च 2020 के अंत से भारत में सभी आर्थिक गतिविधियों को पूर्ण रूप से बंद करने का आदेश देना पड़ा।

कोविड महामारी के दौरान, आईएसपीआरएल सुविधाएं कोविड प्रोटोकॉल और व्यवहार का पालन करते हुए चालू थी। आईएसपीआरएल के सभी कर्मचारियों को चिकित्सा किट दी गई और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यस्थल की नियमित सफाई की जाती है।

कोविड–19 महामारी के दौरान, कंपनी ने कैवर्न को भरने के लिए कच्चे तेल की खरीद के लिए बड़े सौदों पर हस्ताक्षर किए। 8 अप्रैल 2020 से 16 मई 2020 तक कच्चे तेल के कुल 13 पोत प्राप्त हुए।

निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उपधारा (3) के खंड (ग) के तहत आवश्यक है, आपकी कंपनी का निदेशक मंडल इसके द्वारा बयान करता है और पुष्टि करता है कि :

(क) वित्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा तैयार करने में, सामग्री विचलन से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है;

(ख) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियां चुनी है तथा उनका लगातार प्रयोग किया है एवं ऐसे निर्णय लिए हैं और प्राक्कलन तैयार किए हैं जो 31 मार्च, 2021 को कंपनी के मामलों तथा उस वर्ष के लिए कंपनी के लाभ एवं हानि के बारे में सही एवं निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए तर्कसंगत एवं समीचीन हैं;

(ग) कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं की रोकथाम एवं जांच के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार निदेशकों द्वारा लेखांकन के पर्याप्त रिकार्डों के अनुरक्षण के लिए समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई है;

(घ) निदेशकों ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए "सतत प्रतिष्ठान" आधार पर लेखा तैयार किया है;

(ङ) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निदेशकों ने समुचित प्रणालियां तैयार की है और यह कि ऐसी प्रणालियां पर्याप्त हैं तथा प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं;

निदेशक मंडल

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, आपकी कंपनी के निदेशक मंडल में पांच अंशकालिक गैर कार्यपालक निदेशक और एक पूर्णकालिक सीईओ एवं एमडी शामिल हैं जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

1. श्री तरुण कपूर (डीआईएन – 00030762), सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – अध्यक्ष

   (15.05.2020 से प्रभावी)

2. श्री राजेश अग्रवाल (डीआईएन – 03566931), अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – निदेशक

3. श्री बी. एन. रेड्डी (डीआईएन – 08389048), संयुक्त सचिव (आईसी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – निदेशक

4. श्री निरंजन कुमार सिंह (डीआईएन – 03361541), सचिव, ओआईडीबी – निदेशक

5. सुश्री इंद्राणी कौशल (डीआईएन – 02091078), आर्थिक सलाहकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – निदेशक

6. श्री एच. पी. एस. आहुजा (डीआईएन – 07793886), मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक

01 अप्रैल, 2020 से निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :

1. श्री तरुण कपूर (डीआईएन – 00030762), सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – अध्यक्ष (15.05.2020 से प्रभावी)

2. डॉ. एम. एम. कुट्टी (डीआईएन – 01943083), सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय – अध्यक्ष (30.04.2020 तक)

अभिस्वीकृति

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा तेल उद्योग विकास बोर्ड से प्राप्त मूल्यवान मार्गदर्शन और समर्थन का कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त करता है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

हस्ता./–	हस्ता./–
(नवनीत मोहन कोठारी)	(एच. पी. एस. आहुजा)
निदेशक	सीईओ एवं एमडी
(डीआईएन # 02651712)	(डीआईएन # 07793886)

दिनांक : 23 नवम्बर, 2021

स्थान : नई दिल्ली

(अनुलग्नक–क)

बोर्ड की समितियों और बोर्ड की बैठकों का ब्यौरा और निदेशकों द्वारा वित्तीय वर्ष में भाग ली गई बैठकों की संख्या

लेखा–परीक्षा समिति :

लेखा–परीक्षा समिति की वित्तीय वर्ष 2021–22 में तीन बैठकें हुई। ये बैठकें 14 जुलाई, 2020, 2 सितंबर, 2020 और 4 दिसंबर, 2020 को आयोजित की गई। लेखा परीक्षा समिति की बैठकों में निदेशक की उपस्थिति इस प्रकार है।

क्रम सं.	सदस्य	पदनाम	वित्त वर्ष 2020–21 में बैठकों में उपस्थित की संख्या
1	श्री राजेश अग्रवाल	अध्यक्ष	3
2	श्री एच.पी.एस. आहुजा	सदस्य	3

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) :

वित्तीय वर्ष 2020–21 में एनआरसी की पांच बैठकें हुईं। बैठकें आयोजित की गईं

1. 23 जून, 2020
2. 7 अगस्त, 2020
3. 1 अक्टूबर, 2020
4. 14 अक्टूबर, 2020
5. 15 जनवरी, 2021 को एवं 22 जनवरी, 2021 को वही बैठक फिर से बुलाई गई।

एनआरसी की बैठकों में निर्देशकों की उपस्थिति इस प्रकार है :

क्रम सं.	सदस्य	पदनाम	वित्त वर्ष 2020–21 में बैठकों में उपस्थित की संख्या
1	श्री बी. एन. रेड्डी	अध्यक्ष	5
2	श्री एच.पी.एस. आहुजा	सदस्य	5

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति :

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान सीएसआर समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई।

निदेशक मंडल :

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल की पांच बैठकें हुई जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है :–

1. 26 जून, 2020
2. 18 अगस्त, 2020
3. 5 नवंबर, 2020
4. 29 जनवरी, 2021
5. 15 मार्च, 2021

निदेशकों द्वारा बोर्ड की बैठकों में उपस्थिती की संख्या:

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान बोर्ड की बैठकों में उपस्थित की संख्या
1.	श्री तरुण कपूर	अध्यक्ष	5
2.	श्री राजेश अग्रवाल	निदेशक	4
3.	श्री बी.एन. रेडी	निदेशक	5
4.	डॉ. निरंजन कुमार सिंह	निदेशक	4
5.	सुश्री इंद्राणी कौशल	निदेशक	5
6.	श्री एच.पी.एस आहुजा	सीईओ एवं एमडी	5

तेउविबो OIDB
तेल उद्योग विकास बोर्ड

स्वतंत्र लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में सदस्यगण,

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिर्जव्स लिमिटेड

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

विचार

हमने **इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड** ("कंपनी") के संलग्न वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र, इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण और लेखांकन की महत्वपूर्ण नीतियों का सारांश तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचना सहित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां शामिल हैं।

हमारी राय में तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसरण में और हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपर्युक्त वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") द्वारा अपेक्षित सूचना इस प्रकार अपेक्षित ढंग से प्रदान करते हैं और यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 ("इंड एएस") के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों और भारत में लेखांकन के आमतौर पर स्वीकृत सिद्धांतों के अनुरूप 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार कंपनी के कार्यों की कुल व्यापक आय की स्थिति, उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए **हानि**, इक्विटी में परिवर्तनों तथा नकदी प्रवाहों की सच्ची एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।

विचारों का आधार

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट ऑडिटिंग पर मानकों (एस एज) के अनुसार वित्तीय विवरणों की अपनी लेखा परीक्षा संचालित की है। उन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारीयों का वर्णन हमारी रिपोर्ट के 'वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियां' नामक खंड में भी किया गया है। नैतिकता की आवश्यकता जो कंपनी अधिनियम, 2013 तथा इसके तहत बनाई गई नियमावली के प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा से संगत है, के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी आईसीएआई की गई नैतिकता संहिता के अनुसरण में हम कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्यकताओं तथा नैतिकता संहिता के अनुसरण में नैतिकता की अपनी अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। हमारा या विश्वास है कि जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है वह वित्तीय विवरणों पर हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त है।

प्रबंधन तथा स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के अभिशासन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारियां

कंपनी का निदेशक मंडल इंड एएस तथा अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखांकन के मानकों सहित भारत में लेखांकन के अन्य सामान्यतया स्वीकृत सिद्धांतों के अनुसरण में कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन कुल व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तनों तथा नकदी प्रवाह की सही एवं निष्पक्ष तस्वीर प्रदान करने वाले इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में अधिनियम की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए

जिम्मेदार है। इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का निवारण करने एवं पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में लेखांकन के पर्याप्त रिकार्ड रख–रखाव करना लेखांकन की उपयुक्त नीतियों का चयन करना और लागू करना युक्तिसंगत एवं विवेकपूर्ण निर्णय करना और अनुमान लगाना तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को डिजाइन तैयार करना, लागू करना और बनाए रखना भी शामिल है, जो ऐसे वित्तीय विवरण तैयार करने एवं प्रस्तुत करने के लिए लेखांकन के संगत रिकार्डों की परिशुद्धता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए कारगर ढंग से कार्य कर रहे थे जो सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं तथा धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाली किसी बड़ी गलत बयानी से मुक्त हैं।

वित्तीय विवरण तैयार करने में, निदेशक मंडल सतत प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखने की कंपनी की सामर्थ्य का मूल्यांकन करने, सतत प्रतिष्ठान के संबंध में यथालागू प्रकटन करने तथा लेखांकन के सतत प्रतिष्ठान आधार का प्रयोग करने के लिए जिम्मेदार है जब तक कि प्रबंधन कंपनी को परिसमाप्त नहीं करना चाहता है या प्रचालन बंद नहीं करना चाहता है अथवा ऐसा करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी जिम्मेदार है।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के संबंध में लेखा परीक्षक के दायित्व

हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या कुल मिलाकर वित्तीय विवरण सामग्री मिथ्या वर्णन से मुक्त हैं, क्या जालसाजी या त्रुटि के कारण लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में कोई मुद्दा है जिसमें हमारी राय शामिल है। तर्कसंगत आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है परंतु यह इस बात की गारंटी नहीं है कि एस एज के अनुसरण में संचालित लेखा परीक्षा हमेशा किसी सामग्री मिथ्या वर्णन का पता लगाएगी जब यह मौजूद होगा। मिथ्या वर्णन धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं तथा तब सामग्री माने जाते हैं जब व्यक्तिगत रूप से या सकल रूप में उनसे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ता द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों के प्रभावित होने की तर्कसंगत रूप से उम्मीद हो सकती है। इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट का **"अनुबंध–क"** भी देखें।

अन्य कानूनी एवं नियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उपधारा (11) के अनुसार भारत की केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश") की अपेक्षा के अनुसार, हम **"अनुबंध ख"** में आदेश के पैरा 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर लागू सीमा तक विवरण प्रदान करते हैं।
2. अधिनियम की धारा 143(3) की अपेक्षा के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :
   (क) हमने ऐसी समस्त जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जो हमारे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए अनिवार्य थे।
   (ख) हमारी राय में, कंपनी द्वारा कानून की अपेक्षा के अनुसार समुचित लेखा बहियां रखी गई हैं, जहां तक इन बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है।
   (ग) इस रिपोर्ट में उल्लिखित तुलन पत्र, लाभ एवं हानि विवरण, इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण लेखा बहियों के अनुसार हैं।
   (घ) हमारी राय में, उपर्युक्त वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों का पालन करते हैं।

   (ङ) निदेशकों से 31 मार्च, 2021 तक लिखित रूप में प्राप्त अभ्यावेदन के आधार पर, निदेशकों में से कोई भी निदेशक अधिनियम की धारा 164(2) के संदर्भ में 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं है।
   (च) कंपनी की वित्तीय विवरणों के संदर्भ मे आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता तथा ऐसे नियंत्रणों के प्रचालन की कारगरता के संबंध में **"अनुबंध ग"** में हमारी अलग रिपोर्ट देखें।
   (छ) यथासंशोधित अधिनियम की धारा 197(16) की आवश्यकताओं के अनुसरण में लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में।

   हमारी राय में एवं हमारी पूर्ण जानकारी के अनुसरण में और हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा अपने निदेशकों को भुगतान किया गया पारिश्रमिक अधिनियम की धारा 197 के प्रावधानों के अनुसार है।

   (ज) कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसरण में लेखा परीक्षक रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में एवं हमारी पूर्ण जानकारी के अनुसरण में तथा हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार :
      i. कंपनी ने अपने इंड एएस वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का खुलासा किया है।
      ii. कंपनी के उत्पन्न अनुबंधों सहित कोई दीर्घावधिक संविदा नहीं थी जिसके लिए कोई सारवान पूर्वाभासी क्षति हुई।
      iii. ऐसी कोई रकम नहीं थी जो कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में हस्तांतरित की जानी थी।

   अधिनियम की धारा 143(5) के तहत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के निर्देशों के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   (क) सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली के माध्यम से लेखांकन के सभी लेनदेन को प्रोसेस करने के लिए कंपनी ने प्रणाली स्थापित की है।
   (ख) ऋण चुकता करने में कंपनी की असमर्थता के कारण ऋणदाता द्वारा कंपनी को प्रदान किए गए किसी मौजूदा ऋण का कोई पुनर्गठन नहीं किया गया है या कर्जों / ऋणों / ब्याज आदि के छूट / बट्टे खाते का कोई मामला नहीं है।
   (ग) केंन्द्र सरकार /राज्य सरकार की एजेंसियों से विशिष्ट स्कीमों के लिए प्राप्त / प्राप्य निधियों को उनकी शर्तों एवं नियमों के अनुसार समुचित रूप से लेखांकित / प्रयुक्त किया गया है।

कृते गोयल एंड गोयल
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 000066N
शोभित गुप्ता
(साझेदार)
सदस्यता संख्या: 502897
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 15 सितम्बर, 2021
यूडीआईएन: 21502897AAAADI2122

स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट का "अनुलग्नक–क"

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक के दायित्वों से संबंधित रिपोर्ट

एसएऐ के अनुसार एक लेखा परीक्षण के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और संपूर्ण लेखा परीक्षण के दौरान पेशेवर दृष्टिकोण को बनाए रखते हैं। हम साथ ही:

- धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों के वास्तविक मिथ्या वर्णन के जोखिमों की भी पहचान एवं मूल्यांकन करते हैं, इन जोखिमों के लिए जिम्मेदार लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं अभिकल्पित एवं निष्पादित करते हैं और लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त है। धोखाधड़ी से उत्पन्न किसी वास्तविक मिथ्या वर्णन का पता न लगाने का जोखिम त्रुटि से उत्पन्न जोखिम से बड़ा है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, इरादतन भूल, गलत प्रस्तुति या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल हो सकता है।
- परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं डिजाइन करने के उद्देश्य से लेखा परीक्षा से संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करते हैं। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत, हम इस बारे में अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी ने वित्तीय विवरणों के ठीक होने के सन्दर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय विवरण नियंत्रण प्रणाली स्थापित की है और ऐसे नियंत्रणों का कारगर ढंग से प्रचालन किया जा रहा है।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा प्रबंधन द्वारा व्यक्त किए गए लेखांकन के अनुमानों एवं संबद्ध प्रकटन की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करते हैं।
- लेखांकन के सतत सरोकार आधार के प्रबंधन के प्रयोग की उपयुक्तता तथा प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष प्रस्तुत करते हैं कि क्या घटनाओं या परिस्थितियों से संबंधित कोई वास्तविक अनिश्चितता मौजूद है जिससे सतत सरोकार के रूप में जारी रखने के लिए कंपनी की सामर्थ्य पर वास्तविक संदेह उत्पन्न हो सकता है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई वास्तविक अनिश्चितता मौजूद है, तो वित्तीय विवरणों में संबद्ध प्रकटन पर हमें अपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट में ध्यान आकृष्ट करना होता है अथवा यदि ऐसा प्रकटन पर्याप्त नहीं होता है, तो हमें अपनी राय में संशोधन करना होता है। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखा परीक्षक रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। तथापि, भावी घटनाओं या परिस्थितियों के कारण सतत प्रतिष्ठान के रूप में कंपनी काम करना बंद कर सकती है।
- प्रकटन सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं अंतर्वस्तु का मूल्यांकन करते हैं और यह भी मूल्यांकन करते हैं कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन एवं घटनाओं को ऐसे ढंग से दर्शाते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है।
- हम अभिशासन की जिम्मेदारी वहन करने वाले अधिकारियों के साथ अन्य बातों के अलावा लेखा परीक्षा के नियोजित कार्य क्षेत्र एवं समय तथा आंतरिक नियंत्रण में कोई महत्वपूर्ण कमी जिसकी हम अपने लेखा परीक्षा के दौरान पहचान करते हैं, सहित लेखा परीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों के संबंध में संचार करते हैं।

हम अभिशासन की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों को यह विवरण भी प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता और उनके साथ सभी संबंधों एवं अन्य मामलों और जहां लागू है, संबंधित सुरक्षोपायों के बारे में संचार करने के संबंध में नैतिकता की संगत आवश्यकताओं का पालन किया है, जिनके बारे में तर्कसंगत रूप से विचार किया जा सकता है कि उनका हमारी स्वतंत्रता से सरोकार है।

अभिशासन की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों के साथ संप्रेषित मामलों से हम ऐसे मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए लेखा परीक्षा के प्रमुख मामले हैं। हम अपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं, जब तक कि कानून या विनियम मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटन पर रोक न लगाए या जब अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में हम निर्धारण करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में कोई मामला संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणामों से तर्कसंगत रूप से ऐसे संचार के जनहित में लाभों पर भारी पड़ने की उम्मीद होगी।

कृते गोयल एंड गोयल
सनदी लेखाकार
एफआरएनः 000066N

शोभित गुप्ता
(साझेदार)
सदस्यता संख्याः 502897

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 15 सितम्बर, 2021
यूडीआईएन : 21502897AAAADI2122

स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट का "अनुलग्नक–ख"

दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर कंपनी के सदस्यों को स्वतंत्र लेखा परीक्षण की रिपोर्ट में संदर्भित अनुलग्नक बी के संदर्भ में, हम निम्नलिखित सूचना प्रदान करते हैं:

i. क) कंपनी ने मात्रात्मक ब्यौरा तथा अचल परिसंपत्तियों की स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्शाते हुए समुचित रिकार्ड रखा है।

ख) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, प्रबंधन द्वारा चरणबद्ध तरीके से अचल परिसंपत्तियों का भौतिक रूप से सत्यापन किया जाता है, जो कंपनी के आकार और इसकी परिसंपत्तियों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, हमारी राय में तर्कसंगत है। हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, इस तरह के सत्यापन में कोई भी सामग्री विसंगति नहीं देखी गई।

ग) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी के रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर, अचल संपत्तियों का स्वामित्व विलेख पादुर में 3.09 एकड़ भूमि जिसके लिए स्वामित्व विलेख का निष्पादन लंबित है, को छोड़कर कंपनी के नाम में धारित है।

ii. प्रबंधन ने स्वतंत्र सर्वेक्षणकर्ताओं के माध्यम से भारत सरकार (कैवर्न बी) और एडनोक (कैवर्न ए) की ओर से मैंगलोर में और भारत सरकार की ओर से विशाखापत्तनम और पादुर में उचित अंतराल पर कच्चे तेल की सूची का भौतिक सत्यापन किया है। हमारी राय में, कच्चे तेल की प्रकृति और स्थान के संबंध में, भौतिक सत्यापन की आवृत्ति उचित है।

प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए कच्चे तेल की मात्रा निर्धारित करने की तिथि के लिए नोट संख्या 28 (ii) देखें। हमने पाया है कि भारत सरकार की ओर से कंपनी में रखा गया कच्चा तेल कम है और एडनोक की ओर से कंपनी में रखा गया कच्चा तेल अधिक है।

एक मामले में कमी और दूसरे मामले में अधिकता, इसका मूल्यांकन करने के लिए स्वतंत्र तकनीकी मूल्यांकन की आवश्यकता है।

